
हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 13 अंक : 52 देहरादून, सोमवार, 12 अगस्त, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8



निकायों के चुनाव अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में ! 3

# मसूरी में बनेगा सैनिक विश्राम गृह सरकार : धामी





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 12 अगस्त , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आभार एवं संवाद कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संगठन के अधिकारियों एवं सैनिकों के साथ वीरांगनाओं ने मुख्यमंत्री द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्य में शहीद सैनिकों को मिलने वाली अनुग्रह अनुदान राशि 10 लाख रूपये से बढ़ाकर 50 लाख रूपये किये जाने, शहीद सैनिक के परिवारजनों को सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने की अवधि को 02 साल से बढ़ाकर 05 वर्ष किये जाने, शहीदों के आश्रितों को जिलाधिकारी कार्यालयों में समूह 'ग' और समूह 'घ' के अलावा अन्य विभागों में भी इन पदों पर भी नियुक्ति प्रदान करने के साथ ही सैनिक कल्याण विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को उपनल कर्मियों की भांति अवकाश प्रदान किये जाने की घोषणा के प्रति उनका आभार व्यक्त कर मुख्यमंत्री को सम्मानित भी किया गया।

**हमारे पूर्व सैनिक हिमालय के प्रहरी तथा पर्यावरण के संरक्षक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे सैनिक हिमालय के प्रहरी तथा पर्यावरण के संरक्षक भी है। उन्होंने पूर्व सैनिकों से 'हर घर तिरंगा' तथा 'एक पेड मां के नाम' अभियान की सफलता में सहयोगी बनने की अपेक्षा करते हुए मसूरी में सैनिक विश्राम बनाये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में वीरांगनाओं ने मुख्यमंत्री का तथा मुख्यमंत्री ने वीरांगनाओं को सम्मानित किया।

**मुख्यमंत्री ने की पूर्व सैनिकों से ''हर घर तिरंगा'' की अपील**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युद्ध में वीरगति को प्राप्त होने वाले सेना एवं अर्द्धसैन्य बलों के जवानों के एक आश्रित को उनकी शैक्षिक योग्यता के अनुसार राज्याधीन सेवाओं में नौकरी दी जा रही है। अभी तक 17 सैनिक आश्रितों को राज्याधीन सेवाओं में नौकरी दी गई है। उत्तराखण्ड एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां वीरता पुरस्कार से अलंकृत सैनिकों को एकमुश्त वार्षिक राशि का जीवन पर्यन्त भुगतान किया जाता है। विशिष्ट सेवा पदक पुरस्कार से अलंकृत सैनिकों की एकमुश्त राशि बढ़ाई गई है। द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिक एवं युद्ध विधवाओं को प्रतिमाह दिये जाने वाले अनुदान को 08 हजार से बढ़ाकर 10 हजार किया गया है।

## एम आई-17 विदा, चिनूक कुछ समय रहेगा

■ केदारघाटी में रेस्क्यू अभियान का प्रथम चरण पूरा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून। केदारघाटी में रेस्क्यू अभियान का प्रथम चरण पूरा हो गया है। केदारनाथ में स्वेच्छा से रुके 78 लोगों को एमआई-17 के जरिये रविवार को गुप्तकाशी पहुंचाया गया, जिनमें स्थानीय दुकानदार, साधु-संत, घोड़ा-खच्चर चालक आदि शामिल थे।

इसके साथ ही वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर को विदा कर दिया गया है। अब कहीं भी कोई यात्री नीचे आने के लिए शेष नहीं बचा है। स्थानीय लोग जिन्हें नीचे आना था, वे सभी लाए जा चुके हैं। केदारनाथ धाम में खाद्य सामग्री तथा अन्य जरूरी सामान तथा रसद सामग्री जो पहुंचाई जानी थी, उन्हें एमआई-17 तथा स्टेट हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर को केदारनाथ में कुछ भारी मशीनों को पहुंचाने के लिए अभी रोका गया है। जैसे ही मौसम खुलेगा, बड़ी मशीनों को पहुंचाकर चिनूक को भी रवाना कर दिया जाएगा।

**प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री का जताया विशेष आभार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस रेस्क्यू अभियान में सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह का विशेष तौर पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस आपदा के तुरंत बाद उन्होंने भारत सरकार से यात्रियों का सुरक्षित रेस्क्यू किए जाने के लिए वायु सेना की मदद मांगी और प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए तुरंत एमआई-17 तथा चिनूक हेलीकॉप्टर उपलब्ध करा दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस आपदा के बाद यात्रियों की सुरक्षा को लेकर इतने फिक्रमंद थे कि वे स्वयं इस रेस्क्यू अभियान की अपडेट लेते रहे।

**मुख्यमंत्री ने कहा-विपरीत परिस्थितियों में किया सराहनीय कार्य**

केदारघाटी में 31 जुलाई को अतिवृष्टि के बाद विभिन्न स्थानों से यात्रियों तथा स्थानीय लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने के लिए चलाए गए अभियान में सराहनीय योगदान देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राहत और बचाव कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों का आभार जताया है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि इस रेस्क्यू अभियान में 15 हजार से भी अधिक लोगों का सुरक्षित किया। राहत और बचाव कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों ने शानदार रणनीति के साथ योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया और एक सप्ताह से भी कम समय में यह अभियान संपन्न हो सका।

रविवार को राहत और बचाव कार्यों में लगी विभिन्न एजेंसियों के नाम जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुश्किल वक्त और विपरीत परिस्थितियों में भारतीय वायु सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, जिला प्रशासन, पुलिस, पीडब्ल्यूडी, सिंचाई आदि विभागों ने सराहनीय कार्य कर हजारों लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर समिति के साथ ही व्यापार मंडल, स्थानीय दुकानदारों एवं स्थानीय निवासियों द्वारा प्रदान किए गए सहयोग के लिए उनका विशेष तौर पर आभार प्रकट किया।

उन्होंने सचिव लोक निर्माण विभाग पंकज पांडेय, कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पांडेय, सचिव सिंचाई आर राजेश कुमार, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, मीडिया से बेहतर समन्वय के लिए बंशीधर तिवारी एवं उनकी टीम, यूएसडीएमए के एसीइओ आनंद स्वरूप तथा डीआईजी राजकुमार नेगी, भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शैलेश कुमार एवं उनकी टीम, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग सौरभ गहरवार एवं उनकी टीम, एसपी विशाखा अशोक भदाणेएवं उनकी टीम, एनडीआरएफ के कमांडेंट सुदेश दराल एवं उनकी टीम, आईजी एसडीआरएफ ऋद्धिम अग्रवाल, कमांडेंट मणिकांत मिश्रा एवं उनकी टीम, बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेंद्र सिंह एवं उनकी टीम, एसडीएम आशीष घिल्डियाल एवं उनकी टीम तथा विभिन्न रेखीय विभाग एवं उनके अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा दिए गए योगदान की सराहना की है।

## पैरालंपिक खिलाड़ियों ने किया है अपने खेल कौशल से अन्य लोगो को प्रेरित करने का कार्य : रेखा आर्या

देहरादून। आज उत्तराखंड सरकार में खेल मंत्री रेखा आर्या ने देहरादून स्थित एक निजी होटल में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की जहां उन्होंने ₹उत्तराखंड पैरालंपिक बॉलीबाल खिलाड़ियों₹ को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित किया।साथ ही उन्होंने सभी के साथ अभ्यास मैच भी खेला।कहा कि निश्चित ही हमारे पैरालंपिक खिलाड़ियों ने अपने खेल के जरिये अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का कार्य किया है। आज केंद्र और राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल मार्गदर्शन में हमारे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।आज हमारे दिव्यांग खिलाड़ी अपने खेल कौशल से देश और राज्य का नाम रोशन करने का काम कर रहे हैं।कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं जिससे वह अपने खेल कौशल को आगे बढ़ा रहे हैं।

खेल मंत्री ने कहा कि खेल के प्रति आज लोगो की सोच में बदलाव आया है।पहले जहां खेल को निम्न स्तर का माना जाता था आज वही खेल उन्हें ख्याति प्रदान कर रहा है।आज खेल के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट पर्दशन से हमारे खिलाड़ी देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।उन्होंने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देने के साथ ही भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं।और सभी को आश्वाशन दिया कि राज्य सरकार उनके लिए और भी बेहतर काम करेगी।

इस अवसर पर संरक्षक सिंधु गुप्ता,प्रबंधक दून गर्ल्स स्कूल मोनिषा दत्ता,उपाध्यक्ष उमेश ग्रोवर,सचिव अमिता,सदस्य उमेश त्रिपाठी, पवन भट्ट, प्रिया गुलाटी, आदेश डबराल, हरीश चौधरी सहित एसोसिएशन के लोग एवं समस्त खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, तीन जिलों में जमकर बरसेंगे मेघ

देहरादून । उत्तराखंड में एकबार फिर भारी बारिश कहर बरपाने पर आमादा है। बीते 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में जोरदार बारिश देखी गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि उत्तराखंड में पूरे हफ्ते अच्छी बारिश देखी जाएगी। आईएमडी ने उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में 12 से 15 अगस्त के दौरान हल्की से मध्यम बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान देहरादून, टिहरी गढ़वाल, चमोली और बागेश्वर जिलों के विभिन्न हिस्सों में भारी से ज्यादा भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, पौड़ी गढवाल, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों के विभिन्न हिस्सों में जोरदार बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। कुछ जगहों पर भारी बारिश भी देखी जाएगी। भारी बारिश का दौर दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि इस हफ्ते पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में व्यापक रूप से हल्की से मध्यम बारिश देखी जाएगी। उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भी बारिश देखी जाएगी। 11 से 17 अगस्त के दौरान हिमाचल प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है।


# जानिए करोड़पति कुत्ते का ट्रस्ट दुनिया में क्यों है मशहूर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , क्या आपने किसी करोड़पति कुत्ते के बारे में सुना है? शायद ये सुनकर आपको भी हैरान हो जाएं कि एक कुत्ता कैसे करोड़पति हो सकता है लेकिन यकीन मानिए एक कुत्ता है, जिसकी कुल संपत्ति तीन हजार करोड़ से भी अधिक है। ये कुत्ता अकेला करोड़पति नहीं है बल्कि ये करोड़पति कुत्ते का वंशज है। इस कुत्ते के पास एक बंगला है, जिसकी कीमत करीब 200 करोड़ रुपये से भी अधिक है।

आलीशान जिंदगी जीता है गंथर

अमेरिका की एक महिला थी, जिसका नाम काउंटेस कोर्लोटा लिबेनस्टीन। इस महिला का दुनिया में कोई नहीं था। ना परिवार और ना ही कोई रिश्तेदार। मरने से पहले इस महिला ने अपनी सारी जायदाद अपने कुत्ते के नाम कर दी थी। साल 1992 में गंथर, नाम के जर्मन शेफर्ड कुत्ते को मालकिन ने 430 की संपत्ति का मालिक बनाया था और आज इस कुत्ते का वंशज गंथर VI आज करोड़ों की संपत्ति का





मालिक है। गंथर VI एक बड़े महल में रहता है और एक आलिशान जिंदगी जीता है। गंथर VI, गंथर III का ही वंशज है। इस कुत्ते की देखभाल के लिए कई नौकर हैं। जिस घर में ये रहता है कि उस घर में इसके लिए एक स्विमिंग पूल भी है। इतना ही नहीं, उसके पास दुनिया भर में संपत्तियां हैं, वह निजी नौकाओं का भी आनंद लेता है।

कैसे मैनेज होती है इसकी संपत्ति ?

दिमाग में सवाल जरूर आया होगा कि ये कुत्ता अपनी इस संपत्ति को कैसे मैनेज करता होगा।। आपको बता दें कि गंथर की संपत्ति की देखभाल करने के लिए एक ट्रस्ट बनाया गया है, जिसमें इंसान ही हैं। इन लोगों का काम ये है कि उसकी संपत्ति की देखभाल करें और ये तय करें कि उसकी संपत्ति लगातार बढ़ती रहे। इसके लिए वे गंथर के पैसे को जगह-जगह निवेश करते हैं, यही वजह है कि आज ये 3500 करोड़ से अधिक का मालिक बन चुका है।




जानकारी के मुताबिक, इस वक्त गंथर इटली के टस्कनी में रहता है। वह कन्वर्टिबल BMW से चलता है और टस्कन के ग्रामीण क्षेत्रों में उसे घूमन बेहद पसंद है। बताया जाता है कि एक बार एक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग के दौरान गंथर कार की आगे की सीट पर बैठा था, जिसके बाद उस पर जुर्माना लगाया गया था। वहीं गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से साल 1999 में कहा गया कि गंथर की संपत्ति को आधिकारिक तौर पर रिकॉर्ड खिताब के रूप में मान्यता देने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं थे।

# रक्षाबंधन पर ऑफिस न आए तो 7 दिन की सैलरी उड़ जाएगी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , रक्षाबंधन का त्योहार आने वाला है। नौकरी और आजीविका के लिए घर छोड़ चुके लोग किसी तरह अपने भाई या बहन के पास पहुंचना चाहते हैं और कम से कम एक दिन उनके साथ बिताना चाहते हैं। ऐसा करने के लिए उन्हें ऑफिस से छुट्टी तो लेनी ही पड़ेगी लेकिन एक कंपनी के बॉस ने साफ कर दिया कि अगर किसी ने रक्षाबंधन की छुट्टी ली तो एक दिन की जगह सात दिन की सैलरी काट ली जाएगी। बॉस के लिए इस फरमान पर HR ने स्टैंड लिया तो उसे अंजाम भुगतना पड़ गया।





रक्षाबंधन के मौके पर एक कंपनी ने अपने कर्मचारियों से साफ कह दिया है कि 15 अगस्त को हम छुट्टी दे रहे हैं लेकिन 19 अगस्त रक्षाबंधन के दिन किसी भी तरह की छुट्टी नहीं मिलेगी सभी को ऑफिस आना ही है। अगर कोई नहीं आता है तो एक दिन के बदले 7 दिन की सैलरी कटेगी। इस पर HR ने आपत्ति जताई तो उसे ही तुरंत नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद HR ने बॉस के साथ हुई चैट और पूरी स्थिति को सबके सामने रख दिया है।

लिंक्डइन पर मोहाली बेस्ड एक कंपनी की HR मैनेजर बबीना ने एक पोस्ट लिखकर बताया कि कानून के मुताबिक जो गलत था उसके लिए स्टैंड लेने की कोशिश की लेकिन नतीजे में टर्मिनेशन लेटर मिला। उन्होंने ईमेल में बताया कि वह मुझे 2 सप्ताह का नोटिस पीरियड देंगे लेकिन उन्होंने मेरी एंट्री पर ही रोक लगा दी। यह मेरे बॉस कुणाल कक्कड़ के साथ मेरी बातचीत है और उन्होंने मुझे बर्खास्त कर दिया क्योंकि मैंने एक स्टैंड लिया और उन्हें सुझाव दिया कि हम 1 दिन की छुट्टी के लिए 7 दिनों का वेतन नहीं काट सकते। अगर किसी को टॉक्सिक बॉस चाहिए तो ही वह B9 सॉल्यूशन B9 सॉल्यूशंस से जुड़ सकता है।

बबीना के अनुसार, कंपनी का नाम B9 SOLUTIONS है। बबीना का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और इस पर तमाम मीडिया यूजर्स अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा कि क्या कॉर्पोरेट गुलामी को वापस ला रहा है? कल्पना कीजिए कि हम हर दिन अपने दिन का लगभग 45% से 50% हिस्सा देते हैं, इससे अपने प्रियजनों के साथ विशेष त्योहार नहीं मना पाते। गुलामी ही है न? एक ने लिखा कि आपने जो किया वह अद्भुत है। मोहाली में अधिकांश कंपनियां कानून का पालन नहीं कर रही हैं और अपने खुद के नियम बना रही हैं।

# शादी से पहले बॉडी शेप को परफेक्ट बनाएंगे ये टिप्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , शादियों का सीजन शुरू हो चुका है. ऐसे में लोग तैयारियों में काफी व्यस्त हो जाते हैं. शादी का मौका ऐसा होता है कि लोग सब कुछ भूलकर सिर्फ शॉपिंग और अरेंजमेंट पर ही फोकस करते हैं. हालांकि, शादी को लेकर दूल्हा-दुल्हन दोनों में काफी उत्साह देखने को मिलता है। लेकिन इस बीच कई बार लोग तैयारियों में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि उन्हें अपनी सेहत का ख्याल ही नहीं रहता. जिसके कारण शादी के दिन फ्रेश लुक नजर नहीं आता है।

1. पानी पीना है बहुत जरूरी-

गर्मी के मौसम में पीने के पानी में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी जल्द ही शादी होने वाली है तो दिन में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएं। इसके अलावा ऐसे फल और सब्जियां खाएं जिनमें पानी की मात्रा हो। शरीर में पानी की सही मात्रा होने से त्वचा स्वस्थ रहती है और उसकी चमक भी बढ़ती है।

2. तनाव न लें और तनावमुक्त रहें-



शादी और उसकी तैयारियों को लेकर आपको ज्यादा तनाव लेने की जरूरत नहीं है. क्योंकि इसका सीधा असर आपकी सेहत और चेहरे पर पड़ता है। इसलिए दुल्हनों के लिए बेहतर होगा कि वे तनाव मुक्त रहें। आप मेडिटेशन भी कर सकते हैं. साथ ही खुद से भी प्यार करें. स्पा, फेशियल, मसाज, मैनीक्योर, पेडीक्योर जैसी चीजों से शरीर को आराम दें।

3. व्यायाम करना न भूलें-

फिट रहने के लिए आहार और व्यायाम दो सबसे महत्वपूर्ण चीजें हैं। तो अगर आप अपने खास दिन पर फिट रहना चाहती हैं और खूबसूरत भी दिखना चाहती हैं तो व्यायाम के लिए कम से कम 30 मिनट का समय निकालें।

# जानिए रक्षा बंधन का का शुभ मुहूर्त और उत्तम योग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , हिंदू धर्म में पर्व त्योहारों की कमी नहीं है लेकिन रक्षाबंधन का त्योहार बहुत ही खास माना जाता है जो कि भाई बहन के प्रेम का प्रतीक होता है यह पर्व हर साल अगस्त के महीने यानी सावन माह की पूर्णिमा पर मनाया जाता है। इस दिन बहन अपने भाई को राखी बाधती है और उसकी लंबी आयु व खुशहाल जीवन के लिए ईश्वर से प्रार्थना करती है तो वही भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन लेता है और उन्हें कुछ न कुछ उपहार भेंट करता है इस साल रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन के दिन बहनों को राखी हमेशा ही शुभ मुहूर्त में बांधनी चाहिए भूलकर भी भद्राकाल में राखी नहीं बांधे।






रक्षाबंधन की तारीख और मुहूर्त

इस साल भी रक्षाबंधन के दिन भद्रा का साया मंडरा रहा है तो आज हम आपको अपने इस लेख द्वारा राखी बांधने का शुभ मुहूर्त बता रहे हैं। पंचांग के अनुसार इस साल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 19 अगस्त दिन सोमवार को प्रातः 3 बजकर 4 मिनट से आरंभ हो रही है और इस तिथि का समापन 19 अगस्त को रात 11 बजकर 55 मिनट पर हो जाएगी। वही सावन पूर्णिमा पर रक्षाबंधन मनाया जाता है। ऐसे में इस साल रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन राखी बांधने का शुभ मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 7 मिनट से लेकर रात्रि 8 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। वही वही प्रदोष काल में शाम को 6 बजकर 57 मिनट से रात 9 बजकर 10 मिनट के बीच बहनें अपने भाई को राखी बांध सकती हैं।

# निकायों के चुनाव अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 12 अगस्त , प्रदेश में सूत्रों के मुताबिक नगर निकाय चुनाव करीब है जिसके लिए अब सुगबुगाहट तेज हो गई है। सूत्रों का दावा है कि निकायों के चुनाव अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में होंगे, जिसको लेकर सरकार की ओर से तैयारियां शुरू कर दी हैं।ओबीसी आरक्षण से लेकर निकायों के परिसीमन आदि की सभी तैयारियां 15 सितंबर से पहले पूरा करने का डेडलाइन बनाया गया है। जिसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग को भी पत्र भेजा गया है। इस बीच अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने की कवायद भी तेज हो गई है।

उत्तराखंड में 93 नगर निकायों में चुनाव होना है। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों का कार्यकाल पिछले साल दो दिसंबर को पूरा हो गया था। जिसके बाद दो जून तक के लिए निकाय प्रशासकों को सौंपा गया है।इस अवधि में चुनाव न होने के चलते सरकार ने तीन माह के लिए अवधि बढ़ा दी थी। अब इस टाइमलाइन के बीच अक्टूबर तक चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर होमवर्क हो गया है। निकायों का परिसीमन, वोटर लिस्ट का काम भी तब तक पूरा करने की समय सीमा रखी गई है। नगर निगम देहरादून के 54 वार्डों का परिसीमन 15 दिन के भीतर सुधार कर शासन को भेजा जाए।ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए एक्ट में संशोधन को लागू करने के लिए नियमावली लागू करने की तैयारी है।ओबीसी आरक्षण लागू करने के लिए एक्ट में संशोधन को लागू करने के लिए नियमावली लागू करने की तैयारी है।

नगर पालिका अल्मोड़ा और नगर पालिका पिथौरागढ़ को नगर निगम बनाने के लिए शासन स्तर से जिलाधिकारी को पत्र भेज दिया गया है। डीएम की ओर से इन निकायों को निगम बनाने के लिए सीमांकन संबंधी पूरी प्रस्ताव शासन को भेजा जाना है। दो नगर निगम बनने के बाद राज्य में 11 नगर निगम (देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, कोटद्वार, श्रीनगर, हल्द्वानी, काशीपुर, रुद्रपुर, पिथौरागढ़ व अल्मोड़ा) हो जाएंगे। नगर पालिका की संख्या 41 और नगर पंचायतों की संख्या 50 होगी।

# विदेशी शह पर अराजकता फैला रही कांग्रेस : उत्तराखंड भाजपा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून , 12 अगस्त , भाजपा ने कहा कि कांग्रेस विदेशी ताकतों की शह पर देश मे आर्थिक अराजकता के लिए एजेंडा चलाने की असफल कोशिश कर रही है और हिंडनवर्ग की रिपोर्ट के सहारे दुष्प्रचार करने की कोशिश की जा रही है। विपक्षी कांग्रेस के सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर सेबी चीफ भी स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश मे संसद सत्र के आयोजन से ठीक पहले विदेश मे किसी रिपोर्ट का जारी होना और कांग्रेस तथा विपक्ष का उस पर टूट पड़ना एक परंपरा बन गयी है।

मनवीर चौहान ने कांग्रेस को घेरा

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर डॉक्यूमेंट्री भी संसद सत्र से ठीक पहले जारी की गई थी। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट संसद सत्र से ठीक पहले जनवरी में आई थी। ये सभी घटनाक्रम संसद सत्र के दौरान होते हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के तार विदेशों से जुड़े होने के कारण भारत के हर संसद सत्र के दौरान अस्थिरता और अराजकता पैदा करने के लिए यह रिपोर्ट जारी होते हैं। वह भ्रामक दुष्प्रचार के जरिये भारत में आर्थिक अराजकता पैदा करना चाहते हैं। अब वे सेबी पर भी हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भी जवाब देना चाहिए कि वह कई सालों से विदेशी कंपनियों के साथ क्यों खड़ी है। इसे अलावा वह भोपाल गैस त्रासदी की कुख्यात यूनियन कार्बाइड के साथ क्यों खड़ी हुई? एलआईसी और एच एल को भी विदेशी ताकतों के इशारे पर बदनाम किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार की जननी रही कांग्रेस दुष्प्रचार के बूते मोदी सरकार की पारदर्शी शासन के खिलाफ कितने भी षड्यंत्र क्यों न करे, जनता को उस पर भरोसा नही है। कांग्रेस का विदेशो के साथ जो याराना है यह सभी रिपोर्ट उसी का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हाथ देश विरोधी ताकतों के साथ रहा है यह कोई नई बात नही है।

## शिवदास घोष की स्मृति पर किया याद

श्रीनगर गढ़वाल। एसयूसीआई(कम्युनिस्ट) पार्टी के संस्थापक शिवदास घोष की स्मृति में रविवार को श्रीनगर में सभा आयोजित की गई। सभा में विभिन्न प्रदेशों में आपदा प्रभावित क्षेत्रों में हुई जनहानि पर एक मिनट का मौन रखा गया। एआईडीएसओ की काउंसिल मेंबर रेशमा पंवार ने उत्तराखंड की खस्ता हालात पर बात रखी। एसयूसीआई पार्टी के केन्द्रीय कमेटी सदस्य डॉ. अशोक सामंता ने शिवदास घोष के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। पार्टी के राज्य संयोजक डॉ. मुकेश सेमवाल ने राजनीतिक चेतना व छात्र राजनीति पर बात रखी। सभा में एआईडीएसओ की सांस्कृतिक टीम ने गीत प्रस्तुति तथा दरमोला रुद्रप्रयाग की महिला मंगल दल ने पहाड़ों पर लिखा गया एक मर्मस्पर्शी गीत गाया। सभा में निशा, प्रिया, सीमा, अमित, अजय, भानु, कुलदीप, अरदीप, राजदीप, सरस्वती, रचना आदि उपस्थित रहे।

## देवप्रयाग में सांप के काटने से महिला की मौत

नई टिहरी। क्षेत्र में सांप काटने की दो घटनाओं में एक महिला की मौत हो गयी, जबकि दूसरी महिला की जान बच गयी। दोनों महिलाओं को सीएचसी बागी उपचार के लिए लाया गया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पट्टी पालकोट के बगसारी गांव में 44 वर्षीय वीना देवी पत्नी सब्बल सिंह चौहान घर की निकट खेत में गयी थी। जहां सांप ने उसे काट दिया। शनिवार सुबह 11 बजे हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने पहले तंत्र मंत्र का सहारा लिया। जब उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तो वह उसे 16 किमी दूर सीएचसी बागी उपचार के लिए लाये। जहां उसे तुरंत एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन दिया गया। तमाम कोशिश के बाद करीब पौन घंटे में महिला की मृत्यु हो गयी। थाना देवप्रयाग में घटना की सूचना के बाद प्रभारी थानाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सहरावत, एसआई राकेश बिष्ट ने शव का पंचनामा भर उसे पीएम के लिए भेज दिया। वहीं पट्टी भरपूर के डोब गांव में 62 वर्षीय प्रसन्ना देवी को सांप ने घर के आंगन में डस दिया। उसको सीएचसी बागी लाया गया, जहां उपचार किये जाने के बाद वह स्वस्थ हो गयी। महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। वन विभाग की ओर से घटनाओं की जानकारी लेते हुए कार्रवाई की जा रही है।

## हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील की

नई टिहरी। भाजपा घनसाली मंडलाध्यक्ष कविता तिवाड़ी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर चर्चा की।

रविवार को घनसाली के एक निजी होटल में आयोजित बैठक में क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह व जिला मंत्री रामकुमार कठैत ने हर घर तिरंगा अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए इसे सफल बनाने को लेकर सभी से पूर्ण सहयोग की बात कही।

विधायक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अभियान के तहत आगामी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तक हर क्षेत्र में भव्य 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन एवं सभी क्षेत्रवासी राष्ट्रीय ध्वज “तिरंगा के साथ अपनी सेल्फी क्लिक कर हर घर तिरंगा कॉम पर अपलोड करने का आह्वान किया है। बैठक में पूर्व जिला उपाध्यक्ष नथे सिंह नेगी, प्रधान सगंठन अध्यक्ष दिनेश भजनियाल, गोविंद सिंह राणा, अजीत नेगी, पूरण परमार, प्रशांत जोशी आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## सरकार जोशीमठ के लोगों से बात करके अपना पक्ष कोर्ट में रखे

चमोली। उच्च न्यायालय नैनीताल में जोशीमठ भू धसांव को लेकर चल रही सुनवाई में याचिकाकर्ता उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा है कि सरकार प्रभावित लोग और स्वतंत्र वैज्ञानिकों की राय लेने के बाद ही अपना पक्ष रखे। तिवारी ने बताया कि उनकी जनहित याचिका में सुनवाई करते हुए एनटीपीसी द्वारा कार्य शुरू करने और विस्फोट करने की अनुमति हेतु दायर प्रार्थना पत्र पर एनडीएमए नई दिल्ली में सभी पक्षों के साथ सुनवाई कर सरकार के माध्यम से अपनी राय न्यायालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। एनडीएमए कि इस रिपोर्ट पर विचार करने के लिए उत्तराखंड की मुख्य सचिव ने 8 अगस्त को देहरादून में बैठक बुलाई थी। बैठक के याचिकर्ता और उनके अधिवक्ताओं ने इस मामले में एनडीएमए को उनके द्वारा दिए गए लिखित सुझावों को एनडीएमए की रिपोर्ट में शामिल न करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट पर अपनी असहमति व्यक्त की थी। और सरकार को इस आशय पर अपनी लिखित आपत्ति भी प्रस्तुत की। जिसमें एनडीएमए की रिपोर्ट को एक पक्षीय बताते हुए सरकार से इस संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण मामले में जोशीमठ के प्रभावित लोगों की राय जानने के लिए जनसुनवाई करने तथा ऐसे निष्पक्ष और स्वतंत्र विषय विशेषज्ञों, भू वैज्ञानिकों की राय लेने की मांग की थी। जो एनटीपीसी तथा एनडीएमए से प्रभावित न रहे हों।

## गढ़वाल विवि में 13 से 15 तक निकलेगी तिरंगा यात्रा

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा रैली निकाली जायेगी। गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. महावीर सिंह नेगी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर हर घर अभियान के तहत प्रत्येक परिसरों और विभागीय परिसरों में तिरंगा फहरायेंगे। प्रो. नेगी ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हर घर तिरंगा अभियान सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से विवि में 13 से 15 अगस्त तक विवि के परिसरों में तिरंगा रैली का आयोजन किया जायेगा। 13 अगस्त को चौरास परिसर में स्वामी मन्मथन प्रेक्षागृह व 15 अगस्त को बिड़ला परिसर में स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 7 बजे से तिरंगा रैली निकाली जायेगी। उन्होंने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को हर घर तिरंगा अभियान में प्रतिभाग करने की अपील की।

## सिरोबगड़ में मलबा आने से 10 घंटे बाधित रहा बद्रीनाथ राजमार्ग

श्रीनगर गढ़वाल। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सिरोबगड़ में मलबा और बोल्डर आने से करीब 10 घंटे बाधित रहा। शनिवार देर सांय से जारी बारिश के कारण रात्रि करीब 11 बजे सिरोबगड़ में चट्टानी मलबा आने से राजमार्ग पूर्ण रूप से बंद हो गया। इस दौरान एक कार के पहिये मलबे में दब गये, कुछ देर बाद कार के ऊपर मलबा और बोल्डर आ गिरे। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। गनीमत रही कि कार में सवार सभी लोग कार छोड़ पहले ही बाहर निकलकर भाग गये थे। हाईवे 10 घंटे बाधित रहने से रूद्रप्रयाग और श्रीनगर आने-जाने वाले वाहनों की लम्बी कतार लग गई। देखने को मिली। इस दौरान यात्रियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पडा। पुलिस प्रशासन ने यात्रियों को बरसात के समय ध्यानपूर्वक और सतर्कता से आवाजाही करने की भी अपील की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि शनिवार देर सांय भारी बारिश के कारण सिरोबगड़ में पहाड़ी से मलबा आ जाने से हाईवे पर आवाजाही बंद हो गई थी।

## चौरास में सत्यापन न मिलने पर 10 पर कार्यवाही

श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली कीर्तिनगर क्षेत्रांतर्गत पुलिस द्वारा रविवार को सत्यापन अभियान चलाया गया। कोतवाली कीर्तिनगर के प्रभारी निरीक्षक देवराज शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की तीन टीमों ने संगम विहार और मंगसू में सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान 10 मकान मालिकों द्वारा किरायेदारों का सत्यापन न करवाने पर उत्तराखंड पुलिस एक्ट के तहत कार्यवाही कर एक लाख रूपये का अर्थदंड वसूला गया। इस दौरान पुलिस ने मकान मालिकों से जल्द किरायेदारों के सत्यापन किए जाने की अपील की।

## कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर का हुआ गठन

श्रीनगर गढ़वाल। कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर द्वारा रविवार को कीर्तिनगर ब्लॉक के अंतर्गत नये दायित्व बांटे गये। सर्व सम्मति से प्रदीप थपलियाल नगर पंचायत अध्यक्ष, आशुतोष रावत उपाध्यक्ष, दीपक सजवाण महासचिव, सोशल मीडिया अध्यक्ष रामलाल नौटियाल, सचिव भीम सिंह कलूड़ा, कार्यकारिणी सदस्य भीम सिंह नेगी, संगठन मंत्री रघुवर दयाल, महिला नगर अध्यक्ष अंजना कुंवर को जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश महासचिव रामलाल नौटियाल ने बताया कि आने वाले नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस मजबूती के साथ अपना उम्मीदवार मैदान में उतारेगी और जीत दर्ज करेगी। ब्लॉक अध्यक्ष कीर्तिनगर रघुवीर भंडारी ने सभी कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने के निर्देश दिये।

# शादी दिन में करें या रात को , जानिए शंकराचार्य की राय

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , सनातन धर्म में व्यक्ति के जन्म से मरण तक कुल 16 संस्कार माने गए हैं. इन्हीं में से एक संस्कार है विवाह. विवाह हर किसी के जीवन का खास क्षण होता है, क्योंकि इससे दो जिंदगियां के लिए एक दूसरे की हो जाती हैं. हर कोई अपने इस लम्हें को सबसे खास बनाना चाहता है और हर तरह से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता. शादी में ढेर सारा खर्चा किया जाता है और तरह-तरह के रीति-रिवाज भी होते हैं. इसी बीच आपने देखा होगा कुछ शादियां दिन के समय में होती हैं तो वहीं कुछ लोग रात की शादियां पसंद करते हैं. लेकिन क्या आप




जानते हैं सनातन धर्म के अनुसार शादी का सही समय क्या होना चाहिए? आइए जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वति जी से जानते हैं इसका जवाब.

दिन या रात, विवाह के लिए कौन सा समय बेहतर?

जगद्गुरु जी ने एक व्यक्ति के प्रश्न का जवाब देते हुए कहा, कि सबसे पहले हमें अपने शब्दों को सही करना चाहिए. हम जिसे शादी कहते हैं, वो असल में विवाह होता है. इसलिए कोई भी पंडित शादी नहीं करवाता बल्कि विवाह करवाता है. वे आगे कहते हैं कि विवाह का समय स्थिर लगन देख कर तय किया जाता है. इसलिए दिन और रात दोनों समय विवाह किए जा सकते हैं. दोनों समय में से कोई भी शुभ या अशुभ नहीं होता. स्थिर लगन जिस समय बनता है वही विवाह के लिए सही माना जाता है. उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में कहा गया है कि स्थिर लगन में विवाह करने से विवाह टिका रहता है और पति-पत्नी में प्रेम बना रहता है.स्वामी जी कहते हैं कि विवाह एक ऐसा संस्कार है, जहां दो लोग खुशी-खुशी एक दूसरे का साथ मांगते हैं. इसलिए सनातन धर्म के अनुसार स्थिर लगन में विवाह किए जाने का प्रावधान है. ऐसा इसलिए है क्योंकि सनातन धर्म में तलाक जैसे कोई शब्द नहीं है. क्योंकि विवाह का मतलब जुड़ना होता है न कि अलग होना. वे कहते हैं कि कोई नहीं चाहता है कि उसके विवाह जीवन में कोई अड़चन आए. इसलिए अच्छे लगन को देखकर ही विवाह किया जाता है.

# 15 अगस्त से गुड मॉर्निंग नहीं बच्चे कहेंगे 'जय हिंद'

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 12 अगस्त , आने वाले पंद्रह अगस्त से स्कूल में एक न्य नियम लागू होगा और स्कूली बच्चों को स्कूल में 'गुड मॉर्निंग' की जगह 'जय हिंद' कहना होगा. आपको बता दें कि ये अनिवार्य होगा. इस साल देश 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है ऐसे में 15 अगस्त से छात्रों में राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को बढ़ाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग ने ये नोटिफिकेशन जारी किया है.

हरियाणा के स्कूली बच्चों को स्कूल में 'गुड मॉर्निंग' की जगह 'जय हिंद' कहना होगा. इस नोटिफिकेशन के मुताबिक, अब छात्र-छात्राओं को स्कूल में 'गुड मॉर्निंग' की जगह 'जय हिंद' का इस्तेमाल करना होगा.दो पन्नों के इस नोटिफिकेशन में शिक्षा विभाग की तरफ से तमाम तर्क भी दिए गए हैं. इसमें इस बात का जिक्र किया गया है कि आखिर किस आधार पर बच्चों के लिए 'जय हिंद' बोलना अनिवार्य किया गया है. साथ ही इस सरकारी नोटिफिकेशन में 'जय हिंद' के महत्व को भी बताया गया है.

जल्द से जल्द लागू हो फैसला

जल्द ही पूरा देश अपना 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है. स्कूल में बच्चों के लिए ये दिन सबसे ज्यादा खास होता है. बच्चे एक गीली मिट्टी की तरह होते हैं और ऐसे में उनको छोटी सी उम्र में ही जिस भी सांचे में ढाला जाए वह उसी तरह गढ़ जाते है. इस बात का खास ख्याल रखते हुए हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने ये फैसला लिया है जिससे छोटी सी उम्र में ही बच्चों के अंदर अपने देश के प्रति भावनाओं को जागृत किया जा सके. डायरेक्टर ऑफ एजुकेशन ने जिला और ब्लॉक अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं. इसमें कहा गया है कि प्रिंसिपल और हेडमास्टर इस व्यवस्था को जल्द से जल्द लागू करें.





# दिल जीत लेगा पापा का बेटे को सिखाया सबक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 12 अगस्त , बच्चों को शिक्षा देने की जिम्मेदारी अगर स्कूल की होती है, तो उन्हें संस्कारित और अनुशासित बनाने की जिम्मेदारी माता-पिता की होती है. आपने अक्सर देखा होगा कि बच्चे अपने घर की दीवारों पर पेंसिल या फिर पेन से कुछ न कुछ बना देते हैं. हालांकि इसके लिए उन्हें मना किया ही जाता है. एक बच्चे ने भी कुछ ऐसी ही गलती की थी, लेकिन फिर पिता ने जो किया, उसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे.चीन के एक 8 साल के बच्चे ने स्कूल की दीवार पर स्केच से कुछ बना दिया था. दीवार गंदी होने के बाद जब स्कूल की ओर से उसके पिता को बताया गया, तो उन्होंने उसे अजीबोगरीब सजा दी. सोशल मीडिया पर पिता की ये सज़ा और उनकी पेरेंटिंग के खूब चर्चे हो रहे हैं.

चीन के शांक्सी प्रांत में एक अलग सी घटना सामने आई है. यहां एक 8 साल के बच्चे ने स्कूल की दीवार गंदी कर दी थी. जब स्कूलवालों ने उसके माता-पिता को



शिकायत करने के लिए बुलाया, तो पिता ने बच्चे को अनुशासन सिखाने के लिए कुछ अलग ही कल डाला. उन्होंने बच्चे को सड़क पर एक गिटार के साथ बैठा दिया. वो लगातार तीन दिनों तक गिटार और एक नोट के साथ वहां बैठा. इस नोट पर लिखा था- मैंने स्कूल की दीवार गंदी की है, मुझे 3509 रुपये कमाने हैं. 3 दिन में उसके ये पैसे इकट्ठा हो गए. बच्चे के पिता ने खुद बताया मेरे बेटे ने स्कूल की दीवार गंदी की थी. मैने स्कूल से चर्चा करने के बाद तय किया कि उसे स्ट्रीट परफॉर्मेंस के लिए भेजा, ताकि वो पैसे इकट्ठा करने के बाद अपनी जिम्मेदारी समझ सके. 3 दिन तक घंटे भर परफॉर्म करके उसे पैसे मिल गए. शख्स की पैरेंटिंग स्टाइल इस वक्त चर्चा में है. लोग इसकी तारीफ कर रहे हैं और उनका कहना है ये पालन-पोषण का बेहतरीन तरीका है.

# विरोध के चलते शराब की दुकान बंद करने का आदेश

चमोली। लोल्टी में खुशी अंग्रेजी शराब की दुकान का महिलाओं ने रविवार को भी विरोध किया। जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद मैठाणी ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाने की कोशिश की लेकिन वो नहीं मानी। बढ़ते विरोध को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी ने दुकानदार को अग्रिम आदेशों तक दुकान बंद करने के निर्देश दिए हैं। महिलाओं ने इसे एकता की जीत बताया। राष्ट्रीय राजमार्ग सिमली-कर्णप्रयाग के लोल्टी में शनिवार को शराब की दुकान खुली थी। सूचना पर महिलाएं इसके विरोध में उतर आईं। रविवार को बारिश होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में महिलाएं विरोध करने के लिए शराब की दुकान पर डटी रहीं। सूचना पर जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद मैठानी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने महिलाओं को समझाने की कोशिश की। लेकिन वो नहीं मानी। जिला आबकारी अधिकारी प्रमोद मैठाणी ने बताया कि लोल्टी में खुली दुकान नियमों के तहत खुली है। बताया कि ग्रामीणों के साथ वार्ता की जा रही है फिलहाल उनके द्वारा दुकान के अनुज्ञापी को मामले के समाधान होने तक दुकान नहीं खोलने के लिए आदेश दिए गए हैं। इस दौरान थाना प्रभारी थराली प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ वहां मौजूद रहे। लौल्टी तुंगगेश्वर व्यापार मंडल अध्यक्ष धनराज रावत ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी के आश्वासन के बाद महिलाओं ने धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया है। अगर फिर से दुकान खोलने की कोशिश की गई तो महिलाएं फिर से विरोध करेंगी। प्रदर्शनकारियों में सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, विकलांग समिति के बृजमोहन सिंह नेगी, महिला मंगल दल देवराडा की अध्यक्ष गौरा देवी, कमला देवी, कुलेश्वरी देवी, मुन्नी देवी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले के प्रत्येक बूथों पर चलाया जाएगा तिरंगा अभियान

चमोली। भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान के तहत चमोली जिले के प्रत्येक बूथों पर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। बीते दिन भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी ने कहा कि अभियान के तहत कार्यक्रम के तहत बूथों के प्रत्येक घरों पर तिरंगा झंडा लगाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत भाजपा रविवार से तीन दिवसीय युवा मोर्चा जिले के प्रत्येक मंडलों में तिरंगा यात्रा निकालेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया जिला स्तर और विधानसभा स्तर पर समितियां बनाई गई है। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 14 अगस्त को पार्टी जिले के प्रत्येक बूथों पर विभाजन विभित्सिका कार्यक्रम आयोजन कर भारत के विभाजन कालचक्र को याद किया जाएगा। 16 अगस्त को पार्टी जिले के हर बूथों पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत पार्टी जिले के अलग-अलग स्थानों पर पौधरोपण, वृद्धाश्रमों में फल वितरण और सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता अभियान जैसे रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### कमेड़ा और कर्णप्रयाग में मलबा आने से बंद रहा बदरीनाथ हाईवे

चमोली। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण सड़कों पर मलबा गिर रहा है। शनिवार सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर कमेड़ा में पहाड़ी से मलबा और पत्थर आने से सुबह पांच बजे से आठ बजे तक वाहनों की आवाजाही ठप रही। सड़क बंद होने से हाईवे के दोनों तरफ कई वाहन फंसे रहे। बाद में जेसीबी की मदद से मलबा हटाने के वाद हाईवे पर सुबह आठ बजे यातायात बहाल किया गया। कर्णप्रयाग में उमा माहेश्वर आश्रम के पास सुबह छह बजे मलबा आया। जिससे एक घंटे तक यातायात ठप रहा। बाद में एनएच कार्यदायी संस्था ने सड़क से मलबा हटाकर यातायात बहाल किया। सड़क बंद रहने के दौरान कमेड़ा और कणर्प्रयाग में देहरादून, श्रीनगर, ऋषिकेश, गोपेश्वर, जोशीमठ, बदरीनाथ जाने वाले कई वाहन फंसे रहे। कर्णप्रयाग के थानाध्यक्ष डीएस रावत ने ने कहा कि कमेड़ा व कर्णप्रयाग में हाईवे पर गिरे मलबे व पत्थर को हटाकर हाईवे पर वाहनों की आवाजाही सुबह ही बहाल कर दी गई थी।

### देवाल-थराली मोटर मार्ग दो दिन से बंद

चमोली। नंदा देवी राजजात यात्रा मार्ग देवाल से थराली के बीच पालेभ्योल में सड़क पर लगातार मलबा व बोल्डर गिरने से दूसरे दिन भी नहीं खुल पाया। क्षेत्र के निवासी रमेश मिश्रा ने बताया कि सड़क बंद होने से गढ़वाल व कुमाऊं से आवाजाही का संपर्क कट गया है। परिवहन निगम की दिल्ली-देवाल व देहरादून-देवाल की बसें भी नहीं चल पा रही हैं। देवाल क्षेत्र में आवश्यक सामग्री नहीं पहुंचने से किल्लत शुरू हो गई है। वहीं, नंदकेसरी-ग्वालदम मोटर मार्ग किमी 06 पर मलबा व बोल्डर आने से बाधित है। इधर, देवाल-खेता सड़क खुल गया है। देवाल-लोहाजंग वाण, देवाल-घेस-हिमनी सड़क के विभिन्न स्थानों में जलभराव व कीचड़ से सड़क खतरनाक बनी है। मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त बना है। हालांकि लोनिवि थराली सड़क को खोलने के लिए स्लाइड जोन से मलबा हटाने में जुटा है।

# पोलार्ड ने राशिद की गेंद पर लगाए लगातार पांच छक्के

हेडिंग्ले(एजेंसी) । वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर और वर्तमान में मुंबई इंडियंस के सहायक कोच कीरोन पोलार्ड ने राशिद ख़ान पर लगातार पांच छक्के लगाए हैं। ये छक्के उन्होंने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के लिए ट्रेंट रॉकेट्स के ख़िलाफ़ मारे, जिससे उनकी टीम को एक रोचक मुक़ाबले में दो विकेट की जीत हासिल हुई।

पोलार्ड ने यह कारनामा पारी के 17वें ओवर में किया। उस समय ब्रेव की टीम 80 गेंदों में 6 विकेट के नुक़सान पर 78 रन बनाकर खेल रही थी। उस समय पोलार्ड भी संघर्ष कर रहे थे और पहली 14 गेंदों पर सिफ़र्. छह रन ही बना पाए थे। तब जीत मेज़बानों के हाथ से फिसलती नज़र आ रही थी। लेकिन इसके बाद पोलार्ड ने राशिद की पांच गेंदों पर लगातार पांच छक्के लगाकर ब्रेव की उम्मीदों को ज़िंदा कर दिया।

उन्होंने राशिद की गुगली और अंदर आती गेंदों पर दो छक्का डीप मिडविकेट पर, दो छक्के लांग ऑफ़ पर और एक छक्का एक्स्ट्रा कवर पर लगाया। पोलार्ड की इस धुआंधार बल्लेबाज़ी का राशिद की विश्व स्तरीय गेंदबाज़ी के पास कोई जवाब नहीं था।





पोलार्ड ने यह कारनामा पहली बार नहीं किया है। इससे पहले वह मार्च 2021 में भी ऐसा कर चुके हैं, जब उन्होंने श्रीलंका के ख़िलाफ़ टी20 में अकीला धनंजय के ख़िलाफ़ लगातार छह छक्के लगाए थे।

हालांकि पोलार्ड 23 गेंदों पर 45 रन बनाकर रन आउट हो गए, लेकिन क्रिस जॉर्डन ने एक गेंद शेष रहते चौका लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। इस जीत के चलते अंक तालिका में ब्रेव के अंक शीर्ष पर मौजूद ओवल इनविंसिबल्स के बराबर हो गए।

मैच के बाद पोलार्ड ने कहा, मैंने धीमी शुरुआत की थी लेकिन यह पिच वैसी नहीं थी कि आप जाते ही बड़े शॉट्स खेलने लग जाएं। इसलिए मैंने प्रहार करने के लिए गेंदबाज़ को पिक करने का फ़ैसला किया। मैंने राशिद के ख़िलाफ़ काफ़ी खेला है और उन्होंने मुझे कई बार आउट भी किया है। मुझे पता था कि वो कौन सी लाइन और लेंथ पर गेंदबाज़ी करेंगे। अगर वो फुलर गेंद डालते तब मैं अपनी स्टेंथ को बैक करते हुए सीधा सामने की ओर प्रहार करता। और उन्होंने तीन गेंद इसी लेंथ पर डाली और वो तीनों ही गेंदें मेरे पाले में थीं। मुझे अधिक से अधिक रन बटोरने थे। राशिद एक विश्वस्तरीय गेंदबाज़ हैं, लेकिन यह उन दिनों में से एक दिन था जब मुझे जीत हासिल हुई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अनिसिमोवा टोरंटो में सबालेंका को हराकर अपने पहले डब्लूटीए 1000 सेमीफ़ाइनल में

टोरंटो(एजेंसी) । अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा ने कनाडाई ओपन में आर्यना सबालेंका को हराकर बेलारूसी खिलाड़ी के खिलाफ सात मुकाबलों में अपनी पांचवीं जीत दर्ज की और अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। अनिसिमोवा, जिन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए 2023 में टेनिस से विश्राम लिया था, ने दो साल से अधिक समय में अपने पहले डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। हालाँकि वह दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक से पिछड़ गई, अनिसिमोवा ने सबालेंका को और अधिक गलतियाँ करने को मजबूर करने के लिए अपने फ्लैट, जबरदस्त ग्राउंडस्ट्रोक का इस्तेमाल किया और 22 वर्षीय खिलाड़ी ने लगातार पांच गेम जीतकर जीत हासिल की। अब वह सोमवार रात के फाइनल में प्रतिष्ठित स्थान के लिए अपनी हमवतन नंबर 8 वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो से भिड़ेंगी। अनिसिमोवा ने मीडिया को बताया कि उन्होंने चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से प्रेरणा ली है, जिन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए टेनिस से ब्रेक लिया था और तब से खेल के भीतर इस विषय पर एक प्रमुख खिलाड़ी बन गई हैं।

### रुब्लेव ने बीमार सिनर को हराकर मॉन्ट्रियल सेमीफाइनल में प्रवेश किया

मॉन्ट्रियल(एजेंसी) । आंद्रेई रुब्लेव ने मौजूदा चैंपियन जानिक सिनर को तीन सेटों में हराकर विश्व नंबर 1 को हराकर मॉन्ट्रियल मास्टर्स सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुब्लेव ने सिनर पर 6-3, 1-6, 6-2 से जीत हासिल की और एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में आठवें स्थान पर पहुंच गए, जिससे वह स्टेफानोस सितसिपास से आगे हो गए क्योंकि एटीपी फाइनल में जगह बनाने की लड़ाई तेज हो गई है। विशेष रूप से, सिनर मॉन्ट्रियल में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के बाद ट्यूरिन में निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। वह ट्यूरिन में प्रतिष्ठित सीजन फाइनल में अपनी लगातार दूसरी और कुल मिलाकर तीसरी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, जो इस साल 10 से 17 नवंबर तक होगा। बारिश से बाधित क्वार्टरफाइनल की शुरुआत से ही सिनर को अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उनकी आगे-पीछे की लड़ाई में, उनके प्रतिद्वंद्वी का पलड़ा लगातार भारी रहा।

# अमेरिका ने फ्रांस को हराकर लगातार पांचवां पुरुष बास्केटबॉल स्वर्ण जीता

पेरिस(एजेंसी) । अमेरिका ने पेरिस खेलों में बर्सी एरेना में भारी भीड़ के सामने फ्रांस को 98-87 से हराकर लगातार पांचवां ओलंपिक पुरुष बास्केटबॉल स्वर्ण पदक जीता।

अमेरिकियों द्वारा भाग लिए गए 20 ओलंपिक में यह उसका 17वां स्वर्ण पदक था। लगातार पांच स्वर्ण पदक पुरुषों के लिए अमेरिका द्वारा पहले सात ओलंपिक प्रतियोगिताओं को जीतने का दूसरा सबसे लंबा सिलसिला है।

स्टीफन करी आठ 3-पॉइंटर्स पर 24 अंकों के साथ समाप्त हुए और पांच सहायता प्राप्त की। अमेरिकी ओलंपिक बास्केटबॉल इतिहास में सर्वकालिक अग्रणी पुरुष या महिला स्कोरर केविन ड्यूरेंट ने इस ओलंपियाड का अपना एकमात्र मैच शुरू किया और उनके 15 अंक, चार रिबाउंड और चार सहायता थीं।

एनबीए के करियर स्कोरिंग लीडर और अमेरिकी ओलंपिक सहायता लीडर लेब्रोन जेम्स ने 14 अंक, 10 सहायता और छह रिबाउंड जोड़े।

अमेरिका के लिए डेविन बुकर के 15 अंक और छह रिबाउंड और एंथोनी डेविस के आठ अंक, नौ रिबाउंड और चार ब्लॉक किए गए शॉट थे, जो ओलंपिक इतिहास में 144-5 हैं।

यह सोना अमेरिकी रोस्टर की विरासत में जुड़ गया है जिसमें 15 एनबीए चैंपियनशिप वाले खिलाड़ी, चार एनबीए एमवीपी वाले खिलाड़ी, पिछले 13 एनबीए फाइनल एमवीपी में से सात और एनबीए की 75वीं वर्षगांठ टीम के चार सदस्य (जेम्स, करी, ड्यूरेंट और डेविस) शामिल हैं।

इस अमेरिकी टीम की तुलना 1992 की ड्रीम टीम से की गई है, जो ओलंपिक में एनबीए खिलाडियों वाली पहली टीम थी और जिसने आसानी से स्वर्ण पदक जीता था। जबकि ड्रीम टीम ने अन्य देशों को अपने कार्यक्रमों में सुधार करने के लिए प्रेरित किया, अमेरिका ने तब से ओलंपिक में शासन किया है।

# एनपीएस ने पेंशन को सभी के लिए बना दिया सुलभ : पीएफआरडीए अध्यक्ष

जयपुर 11 अगस्त। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन दीपक मोहंती ने कहा कि राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) ने देश में हर किसी के लिए पेंशन सुलभ बना दिया है।

पीएफआरडीए के चेयरमैन ने जयपुर में कॉर्पोरेट्स के लिए एनपीएस पर एक संवादात्मक सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, पहले पेंशन केवल सरकारी कर्मचारियों के लिए थी। लेकिन, एनपीएस शुरू होने के बाद अब यह सभी के लिए सुलभ है।

यह सत्र फिक्की राजस्थान राज्य परिषद द्वारा पीएफआरडीए के सहयोग से आयोजित किया गया था। उन्होंने कहा कि देश में 468 मिलियन कार्यबल में से कम से कम 90 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। इनके पास सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुंच नहीं है।

उन्होंने कहा, इस संदर्भ में, एनपीएस कर्मचारियों के जीवनसाथी और बच्चों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बन जाता है।

आगे यह भी बताया कि बाजार रिटर्न काफी



अनुकूल है, क्योंकि एनपीएस एक विनियमित, कम लागत वाला उत्पाद है। भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती उम्र की आबादी के साथ, पेंशन हासिल करना एक बुद्धिमानी भरा निर्णय है।

कॉर्पोरेट्स को कर्मचारियों को एनपीएस के बारे में जानकारी देनी चाहिए।

पीएफआरडीए के मुख्य महाप्रबंधक सुमित कुमार ने एनपीएस की विशेषताओं जैसे आकर्षक रिटर्न, पारदर्शी और ऑनलाइन पहुंच, पोर्टेबल यूनिक पीआरएएन, कम लागत, लचीले विकल्प और कर दक्षता पर प्रकाश डाला।

विलीस टावर्स वॉटसन के सेवानिवृत्ति प्रमुख रितोब्रत सरकार ने सेवानिवृत्ति लाभ नियोजन पर नियोक्ताओं के साथ-साथ कर्मचारियों के दृष्टिकोण बताए।

अधिकांश कर्मचारी मुख्य रूप से नियोक्ता सेवानिवृत्ति योजनाओं पर निर्भर हैं, उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति लाभ आकर्षण और प्रतिधारण के लिए एक महत्वपूर्ण चालक है।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की महाप्रबंधक रितु गौर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एनपीएस एक प्रमुख सेवानिवृत्ति बचत उत्पाद और दीर्घकालिक धन सृजन योजना है।

उन्होंने बताया कि एसबीआई एनपीएस के लिए सबसे पुराना केंद्र है। एसबीआई के पास इस योजना के लिए सबसे बड़ा ग्राहक आधार और पूरे भारत में 20 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है।

एसबीआई की ताकत 22,500 शाखाओं का नेटवर्क है, जो पीएफआरडीए, कॉर्पोरेट्स, ग्राहकों और नामित एनपीएस मध्यस्थों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करता है।

# तमिलनाडु के कोयंबटूर में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम

नईदिल्ली(एजेंसी) । भारत का सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का नाम नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम है, जिसमें 1 लाख 32 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है. लेकिन, अब क्रिकेट फैंस के लिए बहुत ही अच्छी खबर आ रही है. बताया जा रहा है कि जल्द ही भारत में नरेंद्र मोदी स्टेडियम से भी बड़ा स्टेडियम बनने वाला है.

भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए अच्छी खबर आई है. देश में नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम से भी बड़ा स्टेडियम बनने वाला है. ये स्टेडियम तमिलनाडु के कोयंबटूर में बनेगा, जिसकी घोषणा हो चुकी है. चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम के बाद दूसरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा.

कोयंबटूर वैसे ही बेहद खूबसूरत है. ऐसे में क्रिकेटर्स नए स्टेडियम में खेल को और भी अधिक इंज्वॉय कर सकेंगे. राज्य के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा और युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन इस परियोजना में सबसे आगे रहे हैं. मिली जानकारी के अनुसार, तमिलनाडु कोयंबटूर में 200 एकड़ में दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम बनाने की योजना बनाई जा रही है।

इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के विकास के लिए डीपीआर तैयार करने और अन्य जरूरतों के अलावा डिजाइन सलाहकार को नियुक्त करने के लिए प्रस्ताव के लिए अनुरोध जारी किया गया है. इसके अलावा एक महीने के अंदर बोलीदाताओं को बोली प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है.

# भारत ने अप्रैल-मई में निर्यात किया 123 मिलियन डॉलर का गैर-बासमती चावल

नई दिल्ली 11 अगस्त। भारत की ओर से चालू वित्त वर्ष के अप्रैल-मई में 122.7 मिलियन डॉलर के गैर-बासमती चावल का निर्यात किया गया है। सरकार की ओर से उत्पादन और उपलब्धता को नजदीक से मॉनिटर किया जा रहा है। वाणिज्य और इंडस्ट्री राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में एक लिखित जवाब में यह बात कही।

केंद्रीय मंत्री की ओर से उपलब्ध कराए गए डेटा के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के बीच भारत की ओर से 852.53 मिलियन गैर-बासमती चावल का निर्यात किया गया है। यह वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 में 2 अरब डॉलर और 2.2 अरब डॉलर था।

उन्होंने आगे कहा कि गैर-बासमती चावल का निर्यात 20 जुलाई, 2023 से बंद है। सरकार की अनुमति के बाद ही खाद्य सुरक्षा को देखते हुए केवल मित्र देशों को ही गैर-बासमती चावल का निर्यात किया जाता है।

भारत की ओर से मालदीव को 1,24,218.36 मीट्रिक टन, मॉरीशस को 14,000 मीट्रिक टन, मलावी को 1,000 मीट्रिक टन, जिम्बाब्वे को 1,000 मीट्रिक टन और नामीबिया को 1,000 मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल का निर्यात किया है।

वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 17 देशों को निर्यात किया था। इसमें भूटान को 79,000 मीट्रिक टन, मॉरीशस को 14,000 मीट्रिक टन, सिंगापुर को 50,000 मीट्रिक टन, संयुक्त अरब अमीरात को 75,000 मीट्रिक टन, नेपाल को 95,000 मीट्रिक टन, कैमरून को 1,90,000 मीट्रिक टन, कोटे डी आइवर को 1,42,000 मीट्रिक टन, गिनी को 1,42,000 मीट्रिक टन, और मलेशिया को 1,70,000 मीट्रिक टन का निर्यात किया गया था।

इसके अलावा अन्य देश जैसे फिलीपींस को 2,95,000 मीट्रिक टन, सेशेल्स को 800 मीट्रिक टन, कोमोरोस को 20,000 मीट्रिक टन, मेडागास्कर को 50,000 मीट्रिक टन, इक्वेटोरियल गिनी को 10,000 मीट्रिक टन, मिस्र को 60,000 मीट्रिक टन, केन्या को 1,00,000 मीट्रिक टन और तंजानिया को 30,000 मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल का निर्यात किया गया था।

एक अन्य सवाल के जवाब में प्रसाद ने कहा कि सरकार की ओर से ट्रेड कनेक्ट ई प्लेटफॉर्म बनाने की शुरुआत की गई है। इसका उद्देश्य भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई, उद्योगपतियों, विदेशों में भारतीय मिशन, निर्यात प्रमोशन काउंसिल और अन्य सरकारी एजेंसियों को आपस में जोडना है।

# सभी आरोप निराधार, बदनाम करने की कोशिश', हिंडनबर्ग के नए खुलासे पर बोलीं सेबी चीफ माधबी बुच




नई दिल्ली(एजेंसी) । अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने बीते साल भारतीय अरबपति गौतम अडानी पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट जारी की थी, तो वहीं अब उन्होंने अडानी को शामिल करते हुए मार्केट रेग्युलेटर सेबी पर निशाना साधा है। हिंडनबर्ग ने नई रिपोर्ट में अडानी ग्रुप और चीफ माधबी पुरी बुच के बीच लिंक होने का दावा करते हुए आरोप लगाया है कि व्हिसलब्लोअर से मिले दस्तावेजों से पता चलता है जिन ऑफशोर संस्थाओं का इस्तेमाल अडानी मनी साइफनिंग स्कैंडल में हुआ, उसमें अध्यक्ष की हिस्सेदारी थी।

हालांकि, अब इस मामले में सेबी चेयरपर्सन की ओर से सफाई दी गई है, जिसमें उन्होंने कहा है कि ये सभी निराधार हैं और ये मात्र उन्हें बदनाम करने की कोशिश है। हिंडनबर्ग की ओर से शनिवार को जारी की गई रिपोर्ट में दावा करते हुए कहा गया कि व्हिसलब्लोअर दस्तावेजों से खुलासा होता है कि माधबी बुच और उनके पति धवल बुच ने 5 जून, 2015 को सिंगापुर में आईपीई प्लस फंड 1 के साथ अपना अकाउंट खोला। इसमें दंपति का कुल निवेश 10 मिलियन डॉलर आंका गया है। हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया कि ऑफशोर मॉरीशस फंड की स्थापना इंडिया इंफोलाइन के माध्यम से अडानी ग्रुप के एक निदेशक ने की थी और यह टैक्स हेवन मॉरीशस में रजिस्टर्ड है।

अमेरिकी शॉर्ट सेलर की ओर से लगाए गए इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने रविवार की सुबह-सुबह जारी एक बयान में कहा कि 10 अगस्त को आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट में लगाए गए आरोप आधारहीन हैं और इनमें किसी भी तरह की कोई सच्चाई नहीं है। हमारा जीवन और फाइनेंस खुली किताब की तरह है। सारी जानकारियां बीते सालों में सेबी को दी गई हैं।

माधबी पुरी ने आगे कहा कि हमें किसी भी फाइनेंशियल डॉक्युमेंट का खुलासा करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है, जिसमें वो दस्तावेज भी शामिल हैं, जो उस अवधि से संबंधित हैं जब हम पूरी तरह से आम नागरिक थे। इन्हें कोई भी अधिकारी मांग सकता है। सेबी चीफ ने आगे अपने स्टेटमेंट में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ सेबी ने प्रवर्तन कार्रवाई की है और कारण बताओ नोटिस जारी किया है, अब उसने उसी के जवाब में हमारे चरित्र हनन का प्रयास करने की कोशिश की है।

# सीजेआई ने स्वर्ण मंदिर में टेका मत्था, इसे बताया 'सौभाग्य

अमृतसर(एजेंसी) । भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका और हरमंदर साहिब में प्रार्थना करने को सौभाग्य बताया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने आगंतुक पुस्तिका में लिखा, दिव्य हरमंदर साहिब में प्रार्थना करने का सपना सच में पूरा हुआ। राष्ट्र और मानवता की सेवा में यहां प्रार्थना और पूजा करने का सौभाग्य मिला। इस दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हरमंदर साहिब में प्रार्थना करने का सौभाग्य उनके लिए आशीर्वाद है। सीजेआई ने कहा, मैं प्रार्थना करता हूं कि हमारा देश और पूरी मानवता खुश व समृद्ध हो। मैं 1975 में एक छात्र के रूप में अपने पिता के साथ आखिरी बार स्वर्ण मंदिर का दौरा किया था। स्वर्ण मंदिर की देख रेख करने वाली शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने सीजेआई का स्वागत किया और उन्हें हरमंदर साहिब का एक मॉडल, एक सिरोपा (सम्मान की पोशाक) और ऐतिहासिक पुस्तकों का एक सेट भेंट किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सिखों के खिलाफ किए जा रहे 'घृणास्पद प्रचार' को रोकने के लिए एक ज्ञापन भी सौंपा। हरजिंदर धामी ने कहा, सिखों ने भारत के लिए बहुत बड़ी कुर्बानियां दी हैं, लेकिन कुछ शरारती लोग जानबूझकर सिख सिद्धांतों, इतिहास और पहचान के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घृणित टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने सीजेआई से भारतीय न्यायिक प्रणाली में सर्वोच्च पद पर रहते हुए इस गंभीर मुद्दे पर सख्त संज्ञान लेने का अनुरोध किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जयपुर के एनआरआई सर्किल पर भीषण हादसा कार-ट्रक टक्कर में तीन की मौत

जयपुर(एजेंसी) । बीती रात जयपुर के प्रताप नगर एनआरआई सर्किल पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक कार और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो छात्र और एक ड्राइवर शामिल थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार प्रताप नगर से जवाहर सर्किल की ओर जा रही थी, जब यह तेज रफ्तार से आकर ट्रक से टकरा गई। ट्रक में सब्जियों का भरा हुआ था और ड्राइवर उसे मोडने का प्रयास कर रहा था। रामनगरिया थाने के डीओ रमेश कुमार ने बताया कि हादसे के बाद कार में अमीष (19) पुत्र राजीव वाधवा और वेदांत (19) पुत्र गिरधर आहलूवालिया को गंभीर हालत में पाया गया। दोनों को तुरंत महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन हॉस्पिटल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। कार का ड्राइवर कार के अंदर बुरी तरह से फंसा हुआ था। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसका शव निकाला जा सका, लेकिन उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को एसएमएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा गया है। वेदांत विदेश में पढ़ाई कर रहा था और छुट्टियों में जयपुर आया हुआ था, जबकि अमिष जयपुर इंजीनियरिंग कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में बीबीए का छात्र था। पुलिस ने मृतकों के परिवारों को रात में ही सूचना दे दी थी, और आज मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके में शोक की लहर पैदा कर दी है, और लोगों में तेज रफ्तार और सडक़ सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

### खरगे के दावे पर भडक़ीं मायावती, कहा- बाबा साहेब को जाता है आरक्षण का पूरा श्रेय

लखनऊ(एजेंसी) । यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक बार फिर कांग्रेस पर हमला बोला है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा आरक्षण को लेकर किए गए दावों पर सवाल उठाए हैं। मायावती ने एक्स पोस्ट में लिखा- कल बीएसपी की प्रेस कान्फ्रेंस के बाद कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिए बयान की जानकारी मिली, जिससे एससी व एसटी के समक्ष कांग्रेस पार्टी के बयान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नहीं बल्कि पंडित नेहरू व गांधीजी को आरक्षण का श्रेय दिया गया है, जिसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है।

उन्होंने कहा, वास्तव में आरक्षण का पूरा श्रेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को ही जाता है, जिनको किस तरह से कांग्रेस के लोगों ने संविधान सभा में जाने से रोकने का षड्यंत्र रचा और उनको चुनाव में भी हराने का काम किया। कानूनी मंत्री पद से भी इस्तीफा देने को विवश किया।

मायावती ने कांग्रेस अध्यक्ष से सवाल पूछते हुए कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह कहा कि देश में एससी व एसटी वर्गों के उपवर्गीकरण के संबंध में पार्टी के स्टैंड का खुलासा करने के पहले इनकी पार्टी एनजीओ व वकीलों आदि से विचार-विमर्श करेगी, जिससे स्पष्ट है कि कांग्रेस उपवर्गीकरण के पक्ष में है।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस द्वारा क्रीमी लेयर के बारे में भी गोलमोल बातें की गई है। कांग्रेस के 99 सांसद होने के बाद भी सत्रावसान होने तक संसद में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को निष्प्रभावी बनाने के लिए कोई भी आवाज नहीं उठाई गई, जबकि इस पार्टी ने संविधान व आरक्षण को बचाने के नाम पर ये सीटें जीती हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरक्षण के मुद्दे को लेकर भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भाजपा का आरक्षण खत्म करने का इरादा है। उन्हें क्रीमी लेयर का फैसला संसद में निरस्त करना चाहिए था।

# मध्य प्रदेश में 47 आईएएस-आईपीएस अफसरों का तबादला




भोपाल(एजेंसी) । मध्य प्रदेश में प्रशासनिक कसावट लाने के प्रयास जारी है, इसी क्रम मे बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई है। राज्य में एक साथ भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के 47 अधिकारी बदल दिए गए हैं।राज्य में मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार को लगभग आठ माह हो गए। प्रशासनिक तौर पर छिटपुट बदलाव के दौर चले मगर शनिवार की देर रात को लगभग एक बजे बड़े फेर बदल वाली सूची जारी की गई है। इसमें सात जिलों के कलेक्टर और सात जिलों के पुलिस अधीक्षक भी बदले गए हैं।

राज्य में हुए बदलाव पर अगर गौर करें तो सोमेश मिश्रा को मंडला कलेक्टर बनाया गया है वही गिरीश मिश्र को राजगढ़, रोशन कुमार सिंह को विदिशा, मृणाल मीणा को बालाघाट, हर्ष सिंह को डिंडोरी, हर्ष पंचोली को अनूपपुर, हिमांशु चंद्रा को नीमच कलेक्टर और केदार सिंह को शहडोल कलेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह सात पुलिस अधीक्षकों को भी बदला गया है जिनमें रसना ठाकुर को मऊगंज, नागेंद्र सिंह को बालाघाट, समीर सौरभ को मुरैना, वीरेंद्र जैन को श्योपुर ,सुंदर सिंह कनेश को पांढुर्णा, पंकज कुमार पांडे को रायसेन ,मोती उर्र रहमान को अनूपपुर और अभिषेक आनंद को मंदसौर का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।

वहीं, संजीव सिंह को भोपाल का संभाग आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह उमाकांत उमराव को श्रम विभाग का प्रमुख सचिव, सोनाली वायंगणकर को सामाजिक न्याय का प्रमुख सचिव ,अंशुल गुप्ता को जनसंपर्क विभाग का संचालक, सचिन सिन्हा को राजस्व मंडल ग्वालियर, संजीव कुमार झा को राजस्व मंडल ग्वालियर भेजा गया है वही अमन वैष्णव को नगर निगम ग्वालियर का आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह मदन विभीषण नागरगोजे को राजस्व मंडल ग्वालियर, अजय गुप्ता को किसान कल्याण का संचालक, तन्वी सुंद्रीयाल को बजट संचालक, तरूण राठी को खाद्य सुरक्षा आयुक्त दिनेश जैन को पंचायत एवं ग्रामीण विकास का अपर सचिव ,दिलीप आर्य को ग्रामीण सडक़ विकास प्राधिकरण का सीईओ ,तरुण भटनागर को पशुपालन का उप सचिव, विकास मिश्रा को आर्थिक एवं सांख्यिकी का उप सचिव, आशीष वशिष्ठ को इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम में एचडी और सलोनी सिडाना को ऐप्को भोपाल पदस्थ किया गया है।

पुलिस अफसर को मिली जिम्मेदारी की बात करें तो डीसी सागर को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शिकायत, अनुराग शर्मा को पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन, कृष्ण वेनी देसावातु को उप पुलिस महानिरीक्षक विशेष सशस्त्र बल भोपाल, अमित सांघी को उप पुलिस महानिदेशक ग्वालियर, अतुल सिंह को उप पुलिस महानिरीक्षक विशेष सशस्त्र बल जबलपुर, सिद्धार्थ बहुगुणा को उप पुलिस महानिरीक्षक खरगोन, शैलेंद्र सिंह को सेनानी 13वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल ग्वालियर, रघुवंश कुमार को सेनानी पांचवी वाहिनी मुरैना पदस्थ किया गया है। प्रशासनिक जानकार का कहना है कि राज्य में डॉ मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद यह बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई है और आने वाले दिनों में भी बड़े बदलाव की संभावना है।

# पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का 95 वर्ष की आयु में निधन

नई दिल्ली(एजेंसी) । पूर्व विदेश मंत्री के नटवर सिंह का शनिवार रात निधन हो गया। ये जानकारी उनके पारिवारिक सूत्रों ने दी। वे 95 वर्ष के थे और गुरुग्राम के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें यहां लगभग दो सप्ताह पहले भर्ती कराया गया था। पूर्व राजनयिक ने 2004-05 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में विदेश मंत्री के रूप में कार्य किया।

उन्हें 1953 में भारतीय विदेश सेवा के लिए चुना गया था, जिसे उन्होंने 1984 में छोड़ दिया। फिर वो कांग्रेस के टिकट पर राजस्थान के भरतपुर से चुनाव लड़े और लोकसभा सांसद बने। 1985 में, उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई और उन्हें इस्पात, कोयला और खान तथा कृषि विभाग आवंटित किए गए। 1986 में, वे विदेश मामलों के राज्य मंत्री बने। उन्होंने पाकिस्तान में भारत के राजदूत के रूप में भी काम किया।

सिंह को 1987 में न्यूयॉर्क में आयोजित निरस्त्रीकरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया था। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 42वें सत्र में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भी किया था। उन्होंने 'द लिगेसी ऑफ नेहरूः ए मेमोरियल ट्रिब्यूट', 'टेल्स फ्रॉम मॉडर्न इंडिया', 'ट्रेजर्ड एपिस्टल्स' और आत्मकथा 'वन लाइफ इज नॉट इनफ' सहित लगभग एक दर्जन किताबें भी लिखीं। सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार रविवार को दिल्ली में किया जाएगा, जिसमें शामिल होने के लिए राजस्थान से उनके परिवार के कई सदस्य दिल्ली आ रहे हैं।

# पीएम मोदी ने पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर जताया दुःख

नई दिल्ली(एजेंसी) । पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उनकी कूटनीति और विदेश नीति की प्रशंसा करते हुए उनके लेखन को भी सराहा है। पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का शनिवार (10 अगस्त) रात निधन हो गया। गुरुग्राम के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। नटवर सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। लिखा- नटवर सिंह जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में बहुत बड़ा योगदान दिया। वे अपनी बुद्धिमता के साथ-साथ विपुल लेखन के लिए भी जाने जाते थे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति।

वहीं, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नटवर सिंह के निधन पर दुःख जताते हुए कहा, प्रतिष्ठित राजनयिक और पूर्व विदेश मंत्री के नटवर सिंह के निधन से बहुत दुःख हुआ।

# पीआरडी जवानों ने ऐक्ट में बदलाव की उठाई मांग

पौड़ी। प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन द्वारा रविवार को निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के सभागार में बैठक का आयोजन किया। बैठक में पीआरडी कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम भारती ने कहा कि पीआरडी जवानों को साल भर रोजगार नहीं मिल पा रहा है। 20 मई 2024 के ऐक्ट के अनुसार अप्रशिक्षित जवानों को विशिष्ट नंबर दिए जाने के खिलाफ पीआरडी जवानों में काफी आक्रोश है। कहा कि इस ऐक्ट के खिलाफ लगातार विरोध जताया गया है। आरोप लगाया कि कहा की अप्रशिक्षित जवानों को बैक डोर से एंट्री करवाने की मंशा से ऐक्ट में बदलाव किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि अप्रशिक्षित लोग लगातार विभागों में सेवाएं दे रहे हैं और प्रशिक्षित जवानों को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। बैठक में सरकार से सभी विभागों में प्रशिक्षित पीआरडी जवानों को प्राथमिकता देने की मांग की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस ऐक्ट में बदलाव नहीं किए जाने पर लंबी लड़ाई लड़ी जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष पंकज आर्य, कोषाध्यक्ष संपूर्णानंद नौडियाल, सह सचिव मनोज कुमार, कल्जीखाल ब्लाक अध्यक्ष महेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुमन कुमार, वीरेंद्र, संजय, सीमा, शोभा, सुमति भट्ट, अनिल कुमार जुयाल, अरुण कुमार, गणेश, वीरेंद्र, प्रताप आदि शामिल रहे।

# समिति ने जताई नाराजगी

पौड़ी। प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति द्वारा रविवार को अंबेडकर मूर्ति स्थल पर बैठक आयोजित की गई। समिति के प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चंद्र शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा क्रीमी लेयर और नॉन क्रीमी लेयर के दिए गए फैसले पर चर्चा की गई। बैठक में इस मुद्दे पर आगे की रणनीति तय करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बस अड्डे पर जयानंद भारती की मूर्ति के पास तिरंगा स्थापित किए जाने की मांग भी उठाई गई। मौके पर समिति महासचिव राजेश शाह, कोषाध्यक्ष हुकुम सिंह टम्टा, कार्यकारी अध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, गम्मा लाल, शैलजा, वैभवी, धर्मलाल, पृथ्वी सिंह, हरिश्चंद्र आर्य, अजय कुमार, धनीराम आदि शामिल रहे।

## संपादकीय

# भारत बांग्लादेश नहीं

तीन दिन के बाद हम देश का 'स्वतंत्रता दिवस' मनाएंगे। राष्ट्रध्वज 'तिरंगा' अभी से घर-घर और हाथों में लहरा रहा है। आजादी को 77 साल बीत जाएंगे, लेकिन भारत का लोकतंत्र और उसकी संप्रभुता यथावत है। इधर कुछ 'देशद्रोही' आवाजें उठ रही हैं कि भारत में भी बांग्लादेश जैसे हालात पैदा हो सकते हैं! आंदोलन और बगावत की नौबत आ सकती है! मणिशंकर अय्यर और सलमान खुर्शीद सरीखे नेताओं ने दोनों देशों की परिस्थितियों की तुलना की है कि दोनों देशों में युवा असंतोष, आक्रोश चरम पर हैं। बेरोजगारी बहुत है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना 'तानाशाही फितरत' की थीं। उन्होंने विपक्ष का पूरी तरह दमन कर दिया था। भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी को 'तानाशाह' करार देते हैं। उनका इस बार का चुनाव सवालिया है। उन्होंने भी विपक्षी नेताओं के पीछे सरकारी एजेंसियां लगा रखी हैं। विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। इन समान स्थितियों के मद्देनजर भारत में भी आंदोलनात्मक उफान आ सकता है। दुर्भाग्य है कि अय्यर और खुर्शीद भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने यह बयान सार्वजनिक मंच से दिया है कि मोदी जी शेख हसीना की सलाह ले लें कि देश छोड़ कर कैसे भागना है? यह बयान संवैधानिक मर्यादा और गरिमा का घोर अतिक्रमण है, क्योंकि देश के मौजूदा प्रधानमंत्री के खिलाफ ऐसे भाव व्यक्त किए गए हैं। एक और उदाहरण गौरतलब है कि लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान सपा सांसद मौलाना मोहिबुल्ला ने धमकी भरे लहजे में कहा कि कहीं ऐसा न हो कि मुसलमान सडक़ों पर उतर आएं! यह घोर असंसदीय टिप्पणी है, जिस पर स्पीकर ओम बिरला को तुरंत आपत्ति जतानी चाहिए थी और सत्ता पक्ष को भी विरोध दर्ज कराना चाहिए था। हम नहीं जानते कि सपा सांसद की उस टिप्पणी को लोकसभा के रिकॉर्ड में दर्ज होने दिया गया अथवा रद्द कर दिया गया। ऐसे ही बयानों के आधार पर मुसलमानों को भडक़ाने, सुलगाने की कोशिशें जारी हैं। उन्हें तुरंत कुचल देना चाहिए। कुछ राजनीतिक दल भी 'भारत में मुस्लिम बगावत' का समर्थन कर रहे हैं, क्योंकि मुसलमान उनके वोट बैंक हैं। वे सभी मुगालते में हैं कि मोदी सरकार को इसी तरह ध्वस्त किया जा सकता है, लिहाजा वक्फ के नए नेरेटिव के आधार पर वे मुसलमानों को भडक़ा, उकसा रहे हैं। सोशल मीडिया पर कुकुरमुत्ते की तरह उग रहे फर्जी विचारकों ने भी भारत में 'अपशकुनी आशंकाओं' के प्रलाप जारी रखे हैं। इस तरह एक व्यापक मजहबी, सियासी, सामाजिक और वैचारिक षड्यंत्र रचा जा रहा है, लिहाजा हमने 15 अगस्त की याद दिलाई है। भारत आत्मा से लोकतांत्रिक देश है। तख्तापलट या राष्ट्रध्यक्षों, प्रधानमंत्रियों की हत्या करने के संस्कार भारतीयों में नहीं हैं। आंदोलन भारत में भी होते रहे हैं, क्योंकि यह संवैधानिक मौलिक अधिकार है, लेकिन आंदोलन भारत-विरोधी नहीं होते। भारत में भी राजनीतिक अस्थिरता के दौर रहे हैं, क्योंकि 1970 के दशक के बाद 'त्रिशंकु जनादेश' दिए गए हैं, लिहाजा बाहरी समर्थन से अथवा गठबंधन के आधार पर सरकारें बनी हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मो.सलीम सैफी न्यूज वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# पुलिस ने लौटाया युवती का खोया मोबाइल

नई टिहरी। एक युवती के चोरी हुए मोबाइल फोन को पुलिस ने तीन दिन में ही बरामद कर लिया। इस कार्रवाई में पुलिस ने आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया। थाना देवप्रयाग क्षेत्र के महड़ गांव निवासी युवती पायल रावत प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते सात अगस्त को वह देवप्रयाग में बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसे निकालने आई थी। इस दौरान उसका फोन एटीएम पर छूट गया। इसके बाद कई बार संपर्क करने पर फोन स्विच ऑफ मिला। मामले में कांस्टेबल संदीप ने मोबाइल नंबर ऑनलाइन सीईआईआर पोर्टल पर अपलोड करते हुए मोबाइल फोन की आईएमईआई रन करवा दी। आईएमईआई पर मोबाइल फोन उठाने वाले का नंबर प्राप्त हो गया। पुलिस ने उस व्यक्ति से बात कर उसका परिचय पूछा। व्यक्ति को स्वयं को देवप्रयाग निवासी बताया और अपनी गलती पर क्षमा मांगते हुए मोबाइल थाने में भिजवा दिया। पुलिस ने फोन युवती के सुपुर्द कर दिया। युवती थाना पुलिस का आभार जताया।

# मनरेगा कर्मचारियों ने जताई खुशी

पौड़ी। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी द्वारा मनरेगा कर्मचारियों के समायोजन को लेकर कदम उठाए जाने पर मनरेगा कर्मचारी संगठन ने खुशी जताई है। प्रेस को जारी बयान में संगठन के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि बीते 16 सालों से मनरेगा कर्मचारी पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने समायोजन को लेकर कदम उठाए जाने पर ग्राम्य विकास मंत्री का आभार जताया है।

# कांग्रेस पूर्व सैनिकों को करेगी सम्मानित

पौड़ी। रविवार को कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पार्टी से जुड़े वरिष्ठ कांग्रेसियों, राज्य आंदोलनकारियों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष विनोद नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी बांटी गई। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विनोद नेगी ने बताया कि जिला कांग्रेस कार्यालय पौड़ी में 15 अगस्त को ध्वजारोहण के बाद कांग्रेस से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, राज्य आंदोलनकारियों व पूर्व सैनिकों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में महिला जिलाध्यक्ष नीलम रावत, नगर अध्यक्ष भरत सिंह रावत, सरिता नेगी, वीरेंद्र रावत, यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित सिंह, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजेश भंडारी, श्रीकांत, ब्लाक अध्यक्ष कुलदीप रावत, मीनाक्षी रावत, यशोदा नेगी, उपेंद्र रावत संजना गुजराल आदि मौजूद रहे।

# व्यापार सभा के चुनाव में 6 प्रत्याशी मैदान में

पौड़ी। व्यापार सभा पौड़ी के चुनाव में तीन पदों पर 6 प्रत्याशी आमने-सामने हैं। जिनके भाग्य का फैसला 18 अगस्त को होगा। मुख्य चुनाव अधिकारी कमल किशोर रावत ने नामांकन पत्रों की जांच के बाद रविवार को प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। उन्होंने बताया कि मतदान व मतगणना को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है, जिन्हें जल्द ही अंतिम रुप दे दिया जाएगा। रविवार को पौड़ी में व्यापार सभा चुनाव के लिए दाखिल नामांकन पत्रों की जांच के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की गई। मुख्य चुनाव अधिकारी कमल किशोर रावत ने बताया कि व्यापार सभा पौड़ी में अध्यक्ष पद पर विनय शर्मा व कुलदीप सिंह गुसाईं, सचिव पद पर निखिल रौथाण और देवेंद्र सिंह रावत और कोषाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन जैन और दिलवर सिंह भंडारी ने नामांकन किया। बताया कि जांच में सभी नामांकन सही पाए गए हैं। व्यापार सभा चुनाव में 954 मतदाता हैं, जो अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर क्लेम लेने का आरोप, मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में नीतू सिंह निवासी रामधाम कालोनी रावली महदूद ने बताया कि उसके ससुर खजान सिंह की मृत्यु जून 2017 में दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में हुई थी। भेल में कार्यरत ससुर की मौत भेल के सेक्टर तीन में उनके आवास में दर्शाकर पत्नी और पुत्रों ने शिवालिक नगर नगर पालिका से मृत्यु प्रमाण पत्र तैयार किया। उसके बाद भेल से कई लाख का क्लेम ले लिया। आरोप है कि मृत्यु प्रमाण पंजीकरण की तिथि 12 जून 2017 दिखाई गई, जबकि जारी करने की तिथि 11 सितंबर 2019 दिखाई गई है। ससुर की वर्ष 2017 में मौत होने के बाद तुरंत ही क्लेम की धनराशि ले ली गई थी। आरोप है कि गलत मृत्यु प्रमाण पत्र जारी और पंजीकरण की तिथि में किए गए फर्जीवाड़े में तत्कालीन अधिशासी अधिकारी व तत्कालीन लिपिक भी शामिल रहे हैं।

### ऊर्जा निगम का मुखौटा लगाकर ठग रहे साइबर ठग

हरिद्वार। इन दिनों आमजन के व्हाट्सऐप पर बिल जमा नहीं होने के मैसेज भेजे जा रहे हैं। बकायदा व्हाट्सऐप नंबर की डीपी यानी डिस्प्ले पिक्चर पर ऊर्जा निगम का लोगो लगा होता है। ऐसे में आमजन उस मोबाइल फोन नंबर को ऊर्जा निगम का ही समझते हैं। नीचे भेजे गए मैसेज में बिजली का बिल नहीं जमा होने की बात लिखते हुए शाम तक कनेक्शन काट दिए जाने की हिदायत लिखी होती है। ऊर्जा निगम के एक अधिकारी का मोबाइल फोन नंबर भी लिखा होता है,

### मकान बेचने के नाम पर 21 लाख की ठगी

हरिद्वार। पुलिस को दी गई शिकायत में विवेक अग्रवाल पुत्र रामकुमार अग्रवाल निवासी मोहल्ला लाटोवाली ने बताया कि 25 जनवरी को दत्तकुटी आरके मिशन रोड शेखुपुरा कनखल में दो मंजिला मकान खरीदने का सौदा गौरव कुमार गोयल, उसकी पत्नी मेघा गोयल निवासी जी-1, कृष्णा अपार्टमेंट कनखल से 81 लाख में तय हुआ था। सौदा तय होने के साथ उसने बीस लाख रुपये की रकम देकर इकरारनामा करा लिया था, जबकि एक लाख रुपये मेघा गोयल के बैंक खाते में ट्रांसफर किए थे। आरोप है कि 25 अप्रैल तक बैनामा करने की बात तय हुई थी। लेकिन दंपति बैनामा करने समय पर नहीं पहुंचा।

### नवप्रवेशित छात्रों ने समझा वित्तीय नियोजन का महत्व

हरिद्वार। रामानंद इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड मैनेजमेंट, हरिद्वार में नव प्रवेशित छात्रों के लिए रविवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को वित्तीय नियोजन का महत्व समझाना था। सेमिनार के मुख्य वक्ता डॉ. नृपेन्द्र शर्मा ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार वे अपने वित्तीय समस्यों को सही नियोजन से खत्म कर सकते हैं। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से संचालित एनएसई गौरव योजना को भी छात्रों के साथ साझा किया। योजना के प्रशिक्षण को पूर्ण करने पर छात्रों के लिए बैंकिंग, वित्त, बीमा और फिनटेक क्षेत्र में स्वरोजगार और रोजगार के अवसर मिलेंगे। संस्थान के चेयरमैन श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है।

### मासूम की तलाश में रायवाला-ऋषिकेश की खाक छान रही जीआरपी

हरिद्वार। नौ अगस्त की सुबह रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर सो रहे गांव गौरीशंकर नेवढ़िया जौनपुर यूपी निवासी परिवार का आठ माह का बच्चा वीरू चोरी कर लिया गया था। एक दिन पूर्व ही परिवार का मुखिया सुरेश पुत्र राजकुमार अपने पांच बच्चों के साथ यहां पहुंचा था। घटना उस वक्त घटित हुई थी जब परिवार का मुखिया शौच के लिए गया था, उसकी पत्नी बच्चों के साथ सो रही थी। जीआरपी की जांच में सामने आया कि सुबह के वक्त यहां पहुंची हावड़ा एक्सप्रेस में सवार एक महिला मासूम को अपने साथ ले गई है। जीआरपी ने रायवाला ऋषिकेश के रेलवे स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल लिया लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिल पाई। अभी भी टीमें इन रेलवे स्टेशनों पर डेरा डाले हुए है। सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

### नगदी-जेवरात ले उड़े चोर

हरिद्वार। चंद्राचार्य चौक क्षेत्र में एक घर में घुसकर नगदी और जेवरात चोरी कर लिए गए। रेल चौकी पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। क्षेत्र के होटल विनायक के सामने रहने वाले प्रदीप गर्ग ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात उनके घर से नगदी ओर सोने के जेवरात चोरी कर लिए गए। सुबह करीब चार बजे आंख खुलने पर उन्हें घटना का पता चला। देखा कि अलमारी के दरवाजे खुले हुए थे और सारा सामान अस्त व्यस्त था। अलमारी चेक करने पर सामने आया कि हजारों की नगदी और सोने के जेवर गायब थे।

### कॉरिडोर के विरोध में कांग्रेस ने उत्तरी हरिद्वार में निकाली यात्रा

हरिद्वार। पूर्व महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि हरिद्वार की जनता को बीजेपी सरकार के झूठ को समझना होगा। कांग्रेस शहर और व्यापारियों के हित के लिए संघर्ष कर रही है, यह शहर के लोगों को सोचना होगा कि उनके घर और व्यापार को वर्तमान सरकार उजाड़ने का काम करने को तैयार है उसके खिलाफ खड़ा होना होगा। कार्यक्रम संयोजक अनिल भास्कर ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी के विचारों के साथ डरो मत के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रही है युवाओं और व्यापारियों को भी आगे आना होगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश कुमार दुबे ने कहा कि बीजेपी दलितों और माध्यम वर्ग को बर्बाद करने पर तुली हुई है। लेकिन अब सभी लोग बीजेपी की नीतियां और कार्य समझ चुके है और बीजेपी को सबक सिखाने के लिए लोग तत्पर है। प्रदेश प्रवक्ता हिमांशु बहुगुणा ने कहा कि बद्रीनाथ, काशी, अयोध्या, उज्जैन में जिस प्रकार हिन्दुओं के तीर्थ स्थलों को विकास के नाम पर अव्यवस्थित करने का काम किया गया वह बेहद दुःखद है। युवा कांग्रेस के महासचिव रवि बाबू शर्मा ने कहा हरिद्वार का स्वरूप को बिगड़ने के रोकने के लिए हैं संभव आंदोलन और कार्य किये जायेंगे।

### 52 लाख से नए प्रयोगशाला भवन का निर्माण होगा

हरिद्वार। जल संस्थान ने नए प्रयोगशाला भवन के निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित की है। शासन से अनुमति मिलने के बाद जल संस्थान ने भवन निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। निर्माण काम के लिए 52 लाख रुपये की डीपीआर तैयार की गई है। रोशनाबाद कलक्ट्रेट भवन के पास नए प्रयोगशाला भवन का निर्माण होगा। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता विपिन चौहान ने बताया की मायापुर स्थित प्रयोगशाला का भवन सीमित है।

# मुख्यमंत्री आवास में बिखरी तीज महोत्सव की रौनक





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 12 अगस्त , मुख्यमंत्री आवास में तीज त्यौहार के अवसर पर सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि गुरमीत कौर एवं गीता धामी ( आयोजक ) द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सावन उत्सव कार्यक्रम में तीज पर आधारित संस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन हुआ , जिसमें उत्तराखंड के लोकगीत और लोकनृत्य शामिल रहे। कार्यक्रम में गीता धामी ने सभी मेहमानों को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सावन उत्सव कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता का अयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

गुरमीत कौर ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए कहा कि हम सभी यहाँ सावन उत्सव के लिए एकत्र हुए हैं। सावन में संपूर्ण धरती खिल जाती है। उत्तराखंड राज्य हरियाली से आच्छादित है। यहां कोने कोने में हरियाली है। सावन का महीना हमारे देश की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है एवं प्रकृति और मानव के बीच के अनूठे संबंध को भी दर्शाता है। सावन में कई त्योहार आते हैं।रक्षाबंधन, नागपंचमी, और तीज जैसे त्योहार हमारे रिश्तों को मजबूत करने और पारिवारिक बंधनों को और गहरा करने का अवसर प्रदान करते हैं।

श्रीमती गुरमीत कौर ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं शक्ति का प्रतीक हैं। हमारे राज्य की महिलाएं सबसे मेहनती होती हैं। हरियाली तीज का उत्सव हमारे जीवन में नई उमंग और ताजगी लाता है। जैसे प्रकृति हरी-भरी होती है, वैसे ही हमारे जीवन में भी खुशियों और प्रेम का संचार होना चाहिए। सावन का महीना भगवान शिव की आराधना का भी महत्वपूर्ण समय है। शिवभक्त इस समय विशेष पूजा-अर्चना और उपवास रखते हैं, और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं।

गीता धामी ने सावन उत्सव कार्यक्रम में सभी का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि हरियाली तीज का त्योहार सौंदर्य, प्रेम, उमंग और सुहाग का त्योहार है। यह त्योहार हम सभी को एक मंच में आने और खुशियां बाटने का सुखद अनुभव करवाता है। सावन मास हरियाली का प्रतीक है। यह महीना भगवान शिव और पार्वती को समर्पित है। तीज त्योहार हमें पारंपरिक वेषभूषा, रीति रिवाजों और परंपराओं से जोड़ने का काम करता है। त्योहारों को मनाने से ही हम अपने रीति रिवाज और संस्कार जीवित रखते हुए इन्हें भविष्य तक पहुंचा पाएंगे।

गीता धामी ने कहा कि हम सभी इस सावन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन के क्रम में पर्यावरण संरक्षण हेतु ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत पौधारोपण अवश्य करें। उन्होने कहा वो स्वयं भी ₹सेवा संकल्प फाउंडेशन' के माध्यम से पूरे प्रदेश में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चला रही हैं। हम सभी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना है एवं अन्य लोगों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। उन्होने कहा जब तक हमारा पर्यावरण जीवित है, तब तक हमारा जीवन सुरक्षित है।

इस दौरान कार्यक्रम में अध्यक्ष महिला आयोग कुसुम कंडवाल, बाल आयोग गीता खन्ना, जिला पंचायत मधु चौहान, विधायक सविता कपूर, विधायक सरिता आर्य, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पद्मश्री बसंती बिष्ट, चांद गुलाटी, आकांक्षा, दीपाली सिंह, अनीशा गुलाटी ,वेनू ढिंगरा, लोक गायीका माधूरी बर्थवाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# हरित देहरादून के लिए 1 लाख वृक्षारोपण का लक्ष्य : लक्ष्मी अग्रवाल

## टीम लक्ष्मी अग्रवाल का दून में एक लाख वृक्षारोपण का मिशन हो रहा पूरा

■ देहरादून के कोने कोने में एक पेड़ माँ के नाम अभियान हो रहा सफल





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 12 अगस्त , उत्तराखंड में एक पेड़ माँ के नाम अभियान में नया रिकॉर्ड बन रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में पूरा प्रदेश हरेला लोकपर्व से लगातार पौधा रोपण कर रहा है लेकिन उत्तराखंड भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ मीडिया पैनलिस्ट और सोशल एक्टिविस्ट लक्ष्मी अग्रवाल एक नया रिकॉर्ड कायम कर रही हैं। बीते कुछ ही दिनों में रोजाना सुबह से देर शाम तक देहरादून जिले की अलग अलग विधान सभाओं और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय नागरिकों को प्रधामनत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री धामी के महाअभियान एक पेड़ माँ के नाम की जन जागरूकता फैलाते हुए एक लाख पौधा रोपण करने का मिशन पूरा करने में जुटी है। इसके लिए बाकायदा लक्ष्मी अग्रवाल और उनकी टीम रोजाना निर्धारित क्षेत्र में स्थानीय लोगों को पौधा वितरित करती हैं और खुद एक दर्जन पौधरोपण कर रही हैं।

स्मार्ट सिटी देहरादून में एक लाख पौधरोपण के अपने संकल्प और इस महाअभियान को सफल बनाते हुए अब तक बीजेपी की वरिष्ठ नेत्री लक्ष्मी अग्रवाल ने सहसपुर , डोईवाला , मसूरी , रायपुर , प्रेमनगर , सहस्त्रधारा , कैंट , राजपुर रोड , सुद्धोवाला , सेलाकुई सहित अलग अलग क्षेत्रों में पौधा वितरण , वृक्षारोपण और जन जागरूकता मिशन के लक्ष्य को पूरा कर लिया है। इसी अभियान के अंतर्गत आज लक्ष्मी अग्रवाल ने सहसपुर विधानसभा के बड़ोवाला में आंगनबाड़ी और गांव के अनेक इलाकों में स्थानीय ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण कर उन्हें एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जोड़ा और हरित उत्तराखंड की शपथ दिलाई।

इस मौके पर जहाँ खुद भाजपा नेत्री लक्ष्मी अग्रवाल ने ग्रामीण महिलाओं और युवाओं के साथ खाली स्थानों और खेतो के किनारे पेड़ लगाए वहीँ क्षेत्रवासियों ने भी इस अभियान की सराहना करते हुए श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल के आह्वान पर खुद भी पेड़ लगाने और पेड़ बचाने की शपथ ली। इस दौरान जिन लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उनमें अंशुल शर्मा , नितेश डंगवाल , सुनील ठाकुर , मोहित रतूड़ी , सौरभ डंगवाल , रवि नेगी , प्रेमलता और रजनी राणा शामिल थे।

### बच्चे की मौत, पुलिस ने संभाली स्थिति

हरिद्वार। दोपहर बाद बालक की तबियत में सुधार आने की बजाय बिगड़ने लग गई। परिजन ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। अस्पताल प्रबंधन ने बालक को हायर सेंटर ले जाने को कहा। हंगामे की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची, परिजन बालक को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट देहरादून ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बालक की मौत की खबर मिलने पर अस्पताल कैंपस में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। एसओ नरेश राठौड़ ने मृतक बालक के परिजन से बातचीत कर कानून व्यवस्था को हाथ में न लेने की बात कहकर किसी के उकसाए में न आने की बात कही

### 20 मिनट की बारिश में ज्वालापुर क्षेत्र में जलभराव

हरिद्वार। रविवार को सुबह से शाम तक धूप नहीं निकली। आसमान में बादल छाए रहने के कारण दिन में गर्मी कम रही। लेकिन शाम चार बजे हुई तेज बारिश आफत बन कर बरसी। बारिश के दौरान ज्वालापुर की सड़कों पर जलभराव हो गया। अपने जरूरी काम से बाजारों में पहुंचे लोग बारिश और जलभराव में फंस गए। लोग दुकानों पर खड़े होकर बारिश रुकने और सड़कों से पानी की निकासी होनी की प्रतीक्षा करते दिखे। साथ ही कई लोग बारिश में भीगते हुए जलभराव से होकर गुजरने को मजबूर रहे।

## हरिद्वार नजीबाबाद हाईवे पर डाक कांवड़ियों की भीड़ उमड़ी

हरिद्वार। सावन के चौथे सोमवार को जलाभिषेक को लेकर रविवार को हरिद्वार नजीबाबाद हाईवे पर डाक कांवड़ियों की जबरदस्त भीड़ रही। बरेली, मुरादाबाद, बिजनौर आदि जिलों से भारी संख्या मे शिव भक्त कांवड़ लेने हरिद्वार पहुंच रहे हैं। डाक कांवड़ की भागमभाग हाईवे पर लगी हुई है। रविवार को शहर में भारी भीड़ नजर आई। हरिद्वार में निकलने वाली जोतों को लेकर भीड़ रही। मुलतान जोत के अलावा सोनीपत जोत के लिए भी दिल्ली और हरियाणा से श्रद्धालु हरिद्वार पहुंचे। रविवार को सीजन की तरह हरिद्वार में भीड़ नजर आई। इस बार सावन मे पांच सोमवार है, जिसमें चौथे सोमवार के चलते शिव भक्तो का हरिद्वार में सैलाब पहुंच रहा है। रविवार को भारी संख्या में शिव भक्त जल लेकर अपने गंतव्य की ओर रवाना हो रहे।